| सेंसेक्स | 73,806.15 | ▲ +1,305.85 |
|---|---|---|
| डॉलर | 82.849 | ▼ -0.061 |

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 17.0 | 26.0 |
| धनबाद | 34.0 | 20.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 20.0 | 29.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 26.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 03 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 136, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय आयुर्वेद को आलोचना नहीं शोध की है जरुरत ...09

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

रिहाना ने इंडिया छोड़ने से पहले जीता दिल...14 देश/विदेश





गढ़वा जिला अन्तर्गत नवनिर्मित

समाहरणालय भवन | बिरसा मुण्डा पार्क | अंतर-राज्यीय बस स्टैण्ड | फुटबॉल स्टेडियम | बहुद्देशीय नीलाम्बर-पीताम्बर सांस्कृतिक भवन का

## भव्य लोकार्पण

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



विशिष्ट अतिथि

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि

**श्री विष्णु दयाल राम** — माननीय सांसद, पलामू
**श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी** — माननीय विधायक, बिश्रामपुर
**श्री भानुप्रताप शाही** — माननीय विधायक, भवनाथपुर
**श्री आलोक कु. चौरसिया** — माननीय विधायक, डालटनगंज

दिनांक : 3 मार्च 2024 | समय : दोपहर 12:10 बजे से | स्थान : राजकीयकृत +2 गोविन्द हाईस्कूल मैदान, गढ़वा

PR No. 321347 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### भाजपा का प्रखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कल

**हुसैनाबाद।** झारखंड में बढ़ रहे भय, भूख, भ्रष्टाचार तथा अबुआ आवास में धांधली एवं नियुक्ति प्रक्रिया में हो रहे कदाचार के खिलाफ चार मार्च की सुबह 11 बजे से हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता व हैदरनगर मंडल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शिव ने बताया कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता में भारी रोष व्याप्त है।

### ब्लॉक सभागार में भाजपा का धरना कल

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार चार मार्च को भ्रष्टाचार एव नियुक्ति प्रक्रिया में हो रहे कदाचार के विरुद्ध एक दिवसीय धरना पाटन ब्लॉक परिसर में दिया जायेगा। सुबह 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम में सभी मोर्चों के अध्यक्ष सहित मंडल मे निवास करने वाले जिला व प्रदेश के पदाधिकारी भाग लेंगे। यह जानकारी पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी है।

### पांकी में रायशुमारी महासम्मेलन कल

**पांकी।** चतरा लोकसभा क्षेत्र में बाहरी हटाओ, चतरा बचाओ, स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर पांकी में रायशुमारी महासम्मेलन रविवार को सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित किया जायेगा। भाजपा नेता लाल सूरज ने बताया कि आजादी के बाद से चतरा संसदीय क्षेत्र से स्थानीय लोगों को वंचित रखा गया। देश के बड़े राजनीतिक दलों ने अब तक स्थानीय उम्मीदवार की घोषणा तक नहीं की। ऐसे में चतरा संसदीय क्षेत्र का समुचित विकास अवरूद्ध रहा है।

### 68 राशन डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड, शोकॉज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 68 राशन डीलरों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं तथा इन्हें शोकॉज किया गया है। खाद्य आपूर्ति विभाग निदेशालय ने पलामू जिले के इन 68 डीलरों को कार्डधारियों को खाद्यान्न से वंचित रखने, माह नवंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच खाद्यान्न वितरण करने के बाद अवशेष खाद्यान्न की मात्रा से मई 2023 में ससमय खाद्यान्न वितरण का कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति को निलंबित करने का आदेश पलामू डीएसओ को दिया है। मालूम हो कि 27 फरवरी को निदेशक खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय रांची की अध्यक्षता में आपूर्ति से संबंधित संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई थी।

---

### प्रतिदिन दूसरे राज्यों में हो रही तस्करी, कार्रवाई की मांग

# 200 एकड़ में लहलहा रही पोस्ते की खेती



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** प्रशासन की लगातार चल रही कार्रवाई के बाद भी जिले के मनातू प्रखंड में अभी भी 200 एकड़ में पोस्ते की खेती लहलहा रही है। प्रतिदिन तड़के फसल की कछाई कर दूसरे प्रांतों में अफीम की तस्करी की जा रही है। इसके लिये बकाया गिराहबंद होकर कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। लोगों का कहना है पुलिस की कार्रवाई नाकाफी साबित हो रही है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में फलफूल रहे नशे की खेती पर अंकुश के लिये पुलिस को अब निर्णायक प्रहार करना चाहिये। बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरी के नागद मीटार, फटारिया, सस्तीरवा चिड़ि उलवार, जसपुर, पथल सिकनी,नागद आंगनबाड़ी केंद्र के बगल में अभी भी पोस्ता नियमित रूप से निकाला जा रहा है।

---

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष ने 15 से दी आंदोलन की चेतावनी

# आकांक्षी हरिहरगंज प्रखंड प्रभार के भरोसे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शनिवार को सब्जी मंडी स्थित नयन रेस्टोरेंट भवन के हॉल में आयोजित वार्ता में कहा कि क्षेत्र में विकास की गति तेज करने के उद्देश्य से आकांक्षी घोषित हरिहरगंज प्रखंड इन दिनों पदाधिकारी विहीन है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रभार के सहारे चल रहा है। वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर भी पदस्थापना नहीं हो सकी है। इससे पूरे क्षेत्र का विकास कार्य ठप है। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि नगर पंचायत में आवंटित 842 पीएम आवास अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। जिससे लाभुकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत द्वारा होल्डिंग टैक्स के साथ विलंब शुल्क वसूली को अन्यायपूर्ण करार देते हुये उन्होंने कहा कि इससे आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। हरिहरगंज में विद्युत कनीय अभियंता की स्थायी पोस्टिंग नहीं होने से लोगों की बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि 14 मार्च तक उक्त समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 15 मार्च को प्रखंड व अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन व चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, संजय जायसवाल, मनोज मेहता, शंभू यादव, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, दिनेश, अभय, बलराम ठाकुर, राहुल विश्वकर्मा, रंजीत आदि मौजूद थे।

---

### मतदाता मतदान सूची से अपने नामों का खुद करेंगे सत्यापन

# पलामू में आई एम वेरीफाइड वोटर कैंपेन कल से

**शहर के शिवाजी मैदान में होगा वृहद कार्यक्रम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को 10 बजे दिन में मतदाता अपने बूथ पर जाएंगे। मतदाता सूची से नाम मिलायेंगे। वहां पर एक सेल्फी भी लेंगे। जिसको एकस पर डालेंगे। यदि वोटर पहचान पत्र में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी हो तो उसके सुधार के लिए फॉर्म आठ भरेंगे। सात दिन के अंदर यह कार्ड मिल जाएगा। चार मार्च से जिले में आई एम वेरीफाइड वोटर कैंपेन शुरू किया जाएगा। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पहले जिस तरह छह महीने एक स्थान पर रहने वाले लोगों का वोटर कार्ड बनता था। अब यदि एक जगह पर दो से तीन दिन भी रह रहे हैं तो लोग अपना वोटर कार्ड बनवा सकते हैं। डीसी ने कहा कि वोटर कार्ड को लोग अपने डीजी लॉकर में रखें। ताकि कहीं जरूरत पडने पर उसे दिखा सके। डीसी ने बताया कि जिले में कम से कम पांच लाख से ऊपर लोगों के पास स्मार्टफोन है। वे अपने घर में बैठे यह सारा काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोगों को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करना चाहिये। वोटर हेल्पलाइन एप एक क्रांतिकारी कदम है। जिनका नाम नहीं जुड़ा है इसके लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। करीब पांच हजार ऐसे वोटर हैं, जिनका नाम जोड़ना है। जो भी व्यक्ति अपना नाम जोड़ना, हटाना या सुधारना चाहते हैं। यह सभी काम अभी भी हो रहा है। वह वोटर हेल्पलाइन ऐप के सहारे कर सकते हैं। इलेक्शन कमीशन की मंशा है कि वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से एपिक कार्ड भी लोड कर सकते हैं। डीसी ने सभी लोगों के साथ कर्मचारियों से भी अपील किया कि अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करें। 85 वर्ष आयु से ज्यादा वोटर के घर बीएलओ उनके घर जाकर सर्वे करेंगे। वे यदि बूथ पर नहीं जा सकते हैं तो चलंत बूथ के माध्यम से वोटिंग कराया जाएगा। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद अहमद, एडिशनल कलेक्टर कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, डीपीआरओ असीम कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दल के लोग उपस्थित थे।

---

### विधायक डा. शशि भूषण ने की पांकी को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को सदन में गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से राज्य सरकार से पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के मनातू, तरहसी व पांकी प्रखंड को मिलाकर पांकी को अनुमण्डल का दर्जा देने के संबंध में पलामू के प्रमण्डलीय आयुक्त के माध्यम से पलागू उपायुक्त की अनुशंसा जनवरी, 2019 में ही सरकार को प्राप्त है। मैंने भी उपर्युक्त संदर्भ में कई बार विभिन्न माध्यमों से सरकार के समक्ष माँग रखी है। विधायक डॉ मेहता ने यह भी बताया कि पांकी प्रखंड के केकरगढ़, लोहरसी, नवडीहा, पगारखुर्द एवं केल्हवा पंचायत तथा तरहसी प्रखंड के गोईदी की दूरी अनुमण्डल मुख्यालय से लगभग 75 किमी है, जिस कारण ग्रामीणों को अनुगण्डल संबंधी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ता है।

---

### विधायक की पहल से नागरिकों में हर्ष, मिलेगी राहत

# हरिहरगंज में खुलेगा अर्बन हॉस्पिटल, सरकार से मिली स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार ने हरिहरगंज शहर में अर्बन हॉस्पिटल खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि दौरे के क्रम में हरिहरगंज शहर के नागरिकों ने शहर के लिए अर्बन हॉस्पिटल की मांग करते हुए प्रस्ताव भेजा था। मामले को गंभीरता से लेते हुये सरकार को प्रस्ताव भेजने के उपरांत स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव से इसे स्वीकृति दिलाने के लिये युद्धस्तर पर प्रयास किया गया। शहर में अर्बन हास्पिटल खुल जाने से नगरीय इलाके सहित समीपवर्ती ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी। अर्बन हॉस्पिटल में ओपीडी समेत प्रसव आदि की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अर्बन हॉस्पिटल को स्वीकृति मिलने पर हर्ष जताते हुये एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, एनसीपी नेता सरोज मेहता, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, जितेंद्र मेहता, मंटू मेहता, जनेश्वर भुइयां, प्रसाद भुइयां आदि ने विधायक कमलेश सिंह के प्रति आभार जताया है।

---

### देवरी ओपी क्षेत्र में 11 क्विंटल जावा महुआ किया गया नष्ट

# अवैध शराब के खिलाफ चला सघन अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शराब के अवैध निर्माण और बिक्री को लेकर देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने शनिवार को छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान ओपी क्षेत्र के सोनपुरवा गांव से कुछ दूरी पर स्थित सोन नदी के डीला पर छापेमारी की गई, लेकिन इस धंधे में शामिल लोग पुलिस को देखते ही फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने उक्त स्थान से शराब भट्ठी सहित ग्यारह क्विंटल महुआ जावा को नष्ट किया। ओपी प्रभारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार किसी भी स्थिति में नहीं चलने दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों के तस्करी के बाबत तत्काल पुलिस को सूचना दें। अभियान में एएसआई प्रवीन विलुंग, हवलदार शिवलाल महतो, अल्कजेंडर कुजूर,नरेंद्र कुमार सिंह, इरफान अंसारी, पप्पू पाल , गोरख मेहता आदि शमिल थे।

---

### सड़क निर्माण कंपनी की कारगुजारी से ग्रामीणों में आक्रोश

# चेक डैम को डस्ट से पाटा, पर्यावरण की अनदेखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा तथा छतरपुर सीमा क्षेत्र के सुल्तानी घाटी के नीचे स्थित एनएच -98 के किनारे एक सड़क निर्माण कंपनी पर पर्यावरण कानूनों की अनदेखी कर एक चेक डैम को भरने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी पर अवैध रूप से सैकड़ों हाईवा से पत्थर व डस्ट डालकर चेक डैम को पाटने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा बहुत पुराने जलाशय को भर दिया गया है। जबकि इस चेक डैम से सैकड़ों एकड़ जमीन पटवन किया जाता था। साथ ही गर्मी के दिनों में वन्य जीवों तथा सैकड़ों पालतू जानवरों के पेयजल का प्रमुख स्रोत है। ग्रामीणों ने रोष जताते हुये कहा कि कंपनी के मैनेजर को मना करने के बाद भी जलाशय को भर दिया गया। विरोध करने पर पुलिस से पिटवाने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कादियान आरोप को बेबुनियाद बताया है।

---

## बीडीओ ने हाई स्कूल में शौचालय का उद्घाटन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के राजकीय कृत टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को 15वें वित्त आयोग से नवनिर्मित शौचालय भवन का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि इस विद्यालय में शौचालय निर्माण काफी दिनों से लंबित था। शौचालय चालू हो जाने से अब विद्यार्थियों को शौच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, सेमरी के पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, चित्रांगद कुमार मौजूद थे।

---

### वाराणसी के निजी अस्पताल में जिंदगी व मौत से जूझ रही मासूम

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, मरा समझकर खेत में फेंका

**- पिता ने गांव के ही एक युवक पर दोस्तों के साथ मिलकर दरिंदगी का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म व मारपीट कर मरा समझकर उसे खेत में फेंक देने का मामला सामने आया है। किशोरी की गंभीर हालत देखते हुए उसे वारणसी में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। इस घटना को लेकर पीड़ित के पिता ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया है कि उनकी पुत्री शौच के लिए बाहर खेत में गई थी। काफी देर बाद भी उसके वापस नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू की गयी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। दोपहर करीब तीन बजे गांव की कुछ महिलायें खेत में घास काटने गईं तो देखा कि अरहर के खेत में उनकी पुत्री अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। उनलोगों ने इसकी जानकारी हमारे परिवार के लोगों को दी। भागे-भागे परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके नाक-कान से काफी खून बह रहा था और उसका गर्दन उसके दुपट्टा से कसा हुआ था। उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। उन्होंने बताया कि तीन माह पूर्व ही गांव के एक युवक द्वारा उनकी पुत्री के साथ छेड़खानी की गयी थी। संभावना है कि उसने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। हुसैनाबाद के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गईं है। शीघ्र ही नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

---

## बीडीओ ने मूंग बीज का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के गांवों के किसानों के बीच चार किलोग्राम प्रति यूनिट से मूंग बीज का वितरण बीडीओ अमित कुमार झा के द्वारा किया गया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि सरकार किसानों को खेती करने के लिए बीज उपलब्ध करा रही है। जिससे किसान सही समय पर बीज बो कर उपज बढ़ा सकें। बीज लेने के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। सहदेवा गांव के करीब डेढ़ सौ किसानों के बीच मूंग का बीज वितरित किया गया। मौके पर प्रभारी बीटीएम अभिमन्यु कुमार मौजूद थे।

---

### परेशानी — समाजसेवी ने कार्यपालक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# गर्मी से पूर्व ही गहराने लगा पेयजल संकट



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** हर साल गर्मी के दस्तक देते ही छतरपुर नगर पंचायत के लोग पेयजल किल्लत से परेशान और हलकान हो जाते हैं। इस वर्ष तो गर्मी के दस्तक देने के पूर्व ही नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल किल्लत गहराने लगा है। कई इलाकों में पानी के लिये भागमभाग शुरू हो गया है। कई इलाकों में बोर और कुएं अभी से ही सूखने लगे हैं। नगर पंचायत में पेयजल किल्लत के संभावित खतरे के मद्देनजर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कार्यपालक अधिकारी को पेयजल संकट से निपटने के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अविलंब जलमीनारों और चापानलों की मरम्मत की मांग की है। आवेदन में उन्होंने अवगत कराया है कि बाजार परिसर, मसीहानी उरांव टोला, भैंसाखांड़, रामगढ़ यादव टोला, बस स्टैंड के पासवान टोला, भैंसाखांड के सुखनदिया डैम के पास आदिवासी टोला, फुलवारी मैदान बारा, मंदेया खान टोला, खाटीन, हेसला रोड पंचम सिंह के घर के पास का जलमीनार खराब हो गया है। संकट गहराने के पूर्व उसका मरम्मत कराया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में तत्काल पहल नहीं की गयी तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा।

---

# भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान जोरों पर



**- शक्ति केंद्रों से जन-जन तक पहुंचाई जा रही योजनाओं की जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** भारतीय जनता पार्टी सतबरवा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मेदिनीनगर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार से शक्ति केन्द्रों पर लाभार्थी संपर्क अभियान जोरों से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ कितने घरों तक पहूंचा। इसका भी सत्यापन लाभार्थी सूची के अनुसार किया जा रहा है। साथ ही जन-जन तक लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का भी कार्य किया जा रहा है। श्रीराम मंदिर का शिलान्यास से उद्घाटन तक, धारा 370 को हटाकर भारतीय संविधान के अनुसार कार्य करने, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु 33 प्रतिशत आरक्षण व समूह सहित अन्य योजनाओं से आच्छादित कर उनका समेकित उत्थान, गरीब, दलित, वंचित, आदिवासी सभी समाज के जीवन का कल्याण एवं सबका साथ, सबका विकास ,सबका प्रयास का मंत्र आम जनमानस को बताया जा रहा है। वहीं फिर से एक बार मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया जा रहा है। मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, महामंत्री विजय शर्मा, प्रभारी रवि दुबे मौजूद थे।

---

### जितेंद्र बनें आजसू पार्टी के प्रखंड प्रभारी



**हरिहरगंज।** आजसू पार्टी के जिला सचिव जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा को पीपरा प्रखंड प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे प्रखंड में संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो की सोच को जन - जन तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।

सेंसेक्स 73,806.15 ▲ +1,305.85
डॉलर 82.849 ▼ -0.061

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 17.0 | 26.0 |
| धनबाद | 34.0 | 20.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 20.0 | 29.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 26.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 03 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 136, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय आयुर्वेद को आलोचना नहीं शोध की है जरुरत ...09


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


रिहाना ने इंडिया छोड़ने से पहले जीता दिल...14 देश/विदेश



## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


## अनियंत्रित बाइक पुल से गिरी, दो छात्रों की मौत

### - नौवीं की परीक्षा देने के बाद एक ही बाइक से आ रहे थे चार छात्र, दो गंभीर



**मेदिनीनगर/सगालीम।** पांकी मुख्य पथ स्थित भरी छलका पुल के समीप शनिवार दोपहर घटित सड़क दुर्घटना में नौवीं कक्षा के दो छात्रों की जहां मौत हो गयी। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी दोनों छात्रों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह सूरज ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

**तीखा मोड़ बना काल**

बताया जाता है कि दुर्घटना स्थल के पास तीखा मोड़ है। इसी कारण बाइक अनियंत्रित हो गयी। लोगों ने बताया कि छलका पुल के निकट आये दिन दुर्घटनायें हो रही हैं।

### बच्ची का तीन टुकड़ों में बंटा शव बरामद, नरबलि की आशंका

## मानवता और झारखंड को किया शर्मसार

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत तोपचांची थाना क्षेत्र के रंगाडीह गांव की रहने वाली दो साल की बच्ची का तीन टुकड़ों में बंटा शव बरामद किया गया है। वह 14 दिनों से लापता थी। शनिवार को राजगंज थाना क्षेत्र के महतोटांड स्थित बरडार जोरिया में एक पारंपरिक पूजा स्थल के पास अलग-अलग हिस्सों में बंटे शव की बरामदगी से सनसनी फैल गई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि जादू-टोना के चक्कर में बच्ची की बलि दी गई है। बच्ची के परिजन और ग्रामीण उत्तेजित हैं। वे मौके पर पहुंची पुलिस के सामने हंगामा करने लगे। बताया गया कि रंगाडीह गांव के



गुजर महतो की बच्ची लक्ष्मी कुमारी 17 फरवरी से लापता थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। शनिवार को किसी ने सूचना दी कि राजगंज थाना क्षेत्र के महतोटांड स्थित बरडार जोरिया में एक बच्ची का क्षत-विक्षत शव पड़ा है। आसपास के इलाकों में खबर फैली तो लापता बच्ची के परिजन वहां पहुंचे। उन्होंने लाश की शिनाख्त की है। जहां बच्ची का शव मिला है, वहां पारंपरिक पूजा स्थल देवान थान है। झाड़ियों में एक पत्थर पर सिंदूर, जनेऊ, चावल और मिट्टी की हांडी मिली है। शव के बगल में एक मिट्टी की हांडी फोड़ी गई है। हत्या से पहले बच्ची का मुंडन किया गया था। गांव वालों का कहना है कि डायन या जादू-टोना के चक्कर में बच्ची की बलि दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 63,690
चांदी (किलो) 72,210

### प्रधानमंत्री वाराणसी से लड़ेंगे चुनाव, लोहरदगा से सुदर्शन भगत कर टिकट कटा

# लोकसभा चुनाव : भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

### 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष भी लड़ेंगे चुनाव

### हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा व गौतम गंभीर ने चुनाव नहीं लड़ने का कर दिया था ऐलान





**नई दिल्ली/रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची शनिवार को जारी कर दी। मालूम हो कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मैराथन बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर विस्तार से मंथन हुआ था। इसके बाद ही स्पष्ट हो गया था कि एक-दो दिनों में भाजपा की पहली सूची आ सकती है। जारी सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम शामिल है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 16 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 195 लोकसभा सीटों पर उम्मदीवारों के नाम तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे।

पहली सूची में समाज के सभी वर्गों और जातियों को शामिल किया गया है। इसमें 34 केंद्रीय मंत्री और राज्यमंत्री के साथ दो पूर्व मुख्यमंत्री, 28 महिलाएं, 50 से कम से उम्र के 47 उम्मीदवार, 18 अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार, पिछड़ा वर्ग से 57 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। तावड़े ने बताया कि पहली सूची में उत्तर प्रदेश से 51, पश्चिम बंगाल से 20, मध्यप्रदेश से 24, गुजरात-15, राजस्थान-15, केरल -12, तेलंगाना -09, असम-11, झारखंड-11, छत्तीसगढ-11, दिल्ली-5, जम्मू-2, उत्तराखंड-3, अरुणाचल प्रदेश -2, गोवा-01, त्रिपुरा-01, अंडमान एंड निकोबार -01 सीट पर उम्मीदवार घोषित किए गए। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से पांच पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इसमें प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत और दक्षिण दिल्ली से रामबीर सिंह बिधूड़ी को उम्मीदवार बनाया गया है। मालूम हो कि पहली ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

**झारखंड से 11 सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा**

| | |
|---|---|
| **राजमहल :** ताला मरांडी | **हजारीबाग :** मनीष जयसवाल |
| **पलामू :** बीडी राम | **रांची :** संजय सेठ |
| **जमशेदपुर :** विद्युत चरण महतो | **गोड्डा :** निशिकांत दुबे |
| **चाईबासा :** गीता कोड़ा | **कोडरमा :** अन्नपूर्णा देवी |
| **खूंटी :** अर्जुन मुंडा | **दुमका :** सुनील सोरेन |
| **लोहरदगा :** समीर उरांव | |

## झारखंड की दो राज्यसभा सीटों पर चुनाव के लिए तैयारी पूरी

**4 मार्च को चुनाव आयोग करेगा अधिसूचना जारी**

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच झारखंड में दो राज्यसभा सीटों के लिए 21 मार्च को चुनाव होगा। हालांकि, इस संबंध में अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। इसके लिए अगले सोमवार 4 मार्च को चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक 21 मार्च को राज्यसभा की दो सीटों के लिए मतदान की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 11 मार्च तक चलेगी। 12 मार्च को स्क्रूटनी होगी और 14 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नतीजे 21 मार्च को मतदान के दिन देर शाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही विधानसभा सचिव के समक्ष नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

**उम्मीदवारों को लेकर मंथन जारी :** झारखंड की जिन दो राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है, उन पर कांग्रेस और ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

## दुमका में स्पेनिश महिला से गैंगरेप मामले में चार लोग हिरासत में

### विधानसभा में भी उठा मुद्दा, विपक्ष हमलावर

**दुमका।** झारखंड के दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेन की एक महिला के साथ गैंगरेप की वारदात में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। मेडिकल जांच में महिला से रेप से पुष्टि हुई है। मामले की जांच के लिए जरमुंडी के एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है। यह मामला शनिवार को झारखंड विधानसभा में भी उठा। भाजपा विधायक अमित मंडल ने सदन में कहा कि यह पूरे राज्य के लिए शर्मनाक घटना है। यह घटना बताती है कि राज्य की विधि-व्यवस्था कितनी खराब है। उन्होंने दुमका के एसपी को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

**दुमका से भागलपुर के लिए निकले थे दंपति :** यह वारदात शुक्रवार रात की है। महिला अपने पति के साथ इंडिया टूर पर आई है। दोनों स्पेन से पाकिस्तान और बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंचे थे। दोनों अलग-अलग बाइक पर दुमका होते हुए भागलपुर के लिए निकले थे। रास्ते में हंसडीहा बाजार से पहले कुंजी-कुरुमाहाट नामक जगह पर टेंट लगाकर रुके थे। इसी दौरान सात लोग पहुंचे और महिला के साथ गैंगरेप किया। पति-पत्नी के साथ मारपीट भी की गई है। उन्होंने दंपति से पैसे और ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर



''मैंने सुबह डीजीपी से बात की है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। झारखंड की ध्वस्त कानून व्यवस्था के फलस्वरूप गोड्डा में हुई स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने राज्य की प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी धूमिल कर दिया है। झामुमो-कांग्रेस की निकम्मी सरकार को साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों के मान-प्रतिष्ठा से कोई मतलब नहीं है। इन्हें बस लूटपाट एवं अपने परिवार की तिजोरियों को भरने से मतलब है।''

**बाबूलाल मरांडी, झारखंड भाजपा अध्यक्ष**



''हमारा झारखंड फिर हुआ शर्मसार! ना विधि, ना व्यवस्था, अपराधियों का मनोबल है अपने चरम पर, ऐसे में आखिर कौन पर्यटक आएगा हमारे राज्य? अगर लूट और झूठ से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को फुर्सत मिले तो बहन-बेटियों की सुरक्षा पर ध्यान दे सरकार! इस संगीन जुर्म के दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे जिला प्रशासन।''

**अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष झारखंड**

## एक नजर

### पश्चिमी सिंहभूम से पांच किलो का एक आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना के हुसिपी और राजाबासा के बीच जंगली - पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पांच किलो का एक आईईडी बरामद किया है। बरामद आईईडी को सुरक्षाबलों ने घटनास्थल पर ही डिफ्यूज कर दिया है। एसपी आशुतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की योजना को एक बार से विफल कर दिया है। एसपी ने बताया कि एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थाना के कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, नारादिरी, नेरालगड़ा, हाथीबुरु, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगढ़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।

### जेएसएससी-पीजीटी परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी, मुख्यमंत्री ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दी बधाई

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगी-पीजीटी) के परिणाम जारी कर दिये हैं।आयोग ने रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के पदों पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार रिजल्ट जारी किये हैं। आयोग शेष विषयों के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी करेगा। छात्र परीक्षा के परिणाम जेएसएससी की अधिकारिक बेवसाइट पर चेक कर सकते हैं। जेएसएससी ने 18 अगस्त 2023 से 10 सितंबर 2023 तक स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 आयोजित की थी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है।

## सीएनटी में धारा-49 को खत्म करने की रची जा रही साजिश : मुख्यमंत्री



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सातवें यानी अंतिम दिन शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सीएनटी में धारा 49 को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। सीएनटी एक्ट खत्म हुआ तो आदिवासी मूलवासी खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वन अधिकार कानून में संशोधन करने जा रही है जिसका हमलोगों ने विरोध किया है। केंद्र को इसको लेकर पत्र भी लिखा है। केंद्र सरकार ग्राम सभा को भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। राज्य की इस दशा का जिम्मेवार भाजपा ही है। यह लोग केवल आदिवासी मूलवासी के विकास की बात करते हैं। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता है। कोयलांचल को लेकर भी एक संशोधन का बिल लाया है।केंद्र सरकार कोयलांचल से रैयतों का अधिकार खत्म ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

## तमाम अटकलों को धता बताते हुये वीडी राम ने बाजी मारी

### प्रथम सूची में ही नाम फाइनल कर भाजपा ने बनाई आशातीत बढ़त

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** तमाम अटकलों को धता बताते हुये दो बार से प्रदेश की राजनीतिक राजधानी पलामू में भाजपा का परचम लहरा रहे सांसद वीडी राम ने तीसरी बार भी टिकट की दौड़ में बाजी मार ली है। प्रचार में पहले से ही अन्य दलों से मीलों आगे बीजेपी ने पहली सूची में ही पलामू से उम्मीदवार घोषित कर



आशातीत बढ़त बना ली है। तीसरी बार टिकट फाइनल होने से गदगद सांसद ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय बोर्ड के पदाधिकारियों के साथ ही पलामू की जनता व ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

### डीआईजी ने वारदात स्थल का किया निरीक्षण

## उग्रवादियों ने पिठौरिया में पांच वाहनों को फूंका

### उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजी को फूंकने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार देर रात की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीआइजी अनुप बिरथरे, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिये। मिली जानकारी के अनुसार पिठौरिया थाना के सना स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में चार-पांच की संख्या में हथियार बंद उग्रवादी पहुंच कर खुलकर ताडंव किया। क्रशर में उपस्थित मुंशी से मालिक के बारे में पूछताछ की। सही जवाब नहीं मिलने पर क्रशर के कार्य में लगे तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजे को फूंक डाला। मौके पर कार्य कर रहे मजदूर ने कहा कि क्रशर के पूर्व दिशा की ओर से पैदल चार-पांच की संख्या में नकाबपोश हथियारबंद लोग क्रशर पहुंचे थे और कहा, काम बंद करो। इसके बाद गाड़ी से उतार कर, मोबाइल स्विच ऑफ करवा कर मोबाइल अपने पास लेकर वाहनों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उग्रवादियों ने कहा कि हम लोग कृष्ण यादव उर्फ सुल्तान के आदमी हैं। मालिक को कह देना यहां पर काम नहीं करना है। यह कहते हुए कार्य कर रहे ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

**इंडिया**

## शीर्ष पदों पर निजी क्षेत्रों के प्रमुख एक बड़ी शुरूआत



सुनील बादल

**खबर** है कि निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ केंद्र में प्रमुख पदों पर कार्यभार संभालेंगे। ये प्रतिभाएं नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की सुगमता को और बेहतर बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सराकर के विभिन्न विभागों में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकों/उप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दी। आमतौर पर संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) और समूह ए की अन्य सेवाओं के अधिकारियों के पास होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन विशेषज्ञों की सीधी भर्ती (सरकारी विभागों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्ति) की जा रही है। जिसका मकसद सरकार में नई प्रतिभाओं को शामिल करना है। सीधी भर्ती योजना का शुभारंभ 2018 में किया गया था। इसके तहत संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर भर्ती की जाती है। इन स्तरों पर अधिकारी नीतियां बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस प्रक्रिया से आने वाले अधिकारी बाद में सरकारी प्रणाली का अभिन्न अंग बन जाते हैं। कार्मिक मंत्रालय ने जून 2018 में पहली बार सीधी भर्ती के जरिए दस संयुक्त सचिव रैंक के पदों के लिए आवेदन जारी आमंत्रित किए थे। इन पदों के लिए भर्ती संघ लोग सेवा आयोग (यूपीएससी) ने की थी। अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने अक्तूबर 2021 में फिर से केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव (3), निदेशक (19) और उप सचिव (9) के रूप में नियुक्ति के लिए 31 अभ्यर्थियों की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि अब तक दस संयुक्त सचिवों और 28 निदेशकों/उप सचिवों समेत निजी क्षेत्र के कुल 38 विशेषज्ञ सरकार से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस समय आठ संयुक्त सचिवों, 16 निदेशकों और नौ उप सचिवों सहित 33 ऐसे विशेषज्ञ प्रमुख सरकारी विभागों में काम कर रहे हैं। कभी एक समय था जब यह माना जाता था कि सरकारी नौकरी वाले सबसे परखे हुए लोग होते है जिन्हें जब चाहे उत्तरदायी ठहराया जा सकता है और प्राइवेट लोग उत्तरदायी नहीं हो सकते जबकि विश्व स्तर पर आज यह साबित किया जा चुका है निजी या सरकारी नहीं बल्कि नियमों और तकनीक से किसी भी योग्य और प्रतिभाशाली व्यक्ति को उत्तरदायी बनाया जा सकता है। विकसित पश्चिमी देशों से लेकर मध्य पूर्व तक और अब भारत में भी यह प्रयोग सफल हुआ है। आज डिजिटाइजेशन के दौर में बैंको के कामकाज, यूपीआई भुगतान,स्कूल कॉलेज की फीस, बिजली का बिल से लेकर जमीन या जायदाद की रसीद ऑटोमेटिक या मोबाइल से संभव हुई है या यात्रा की बुकिंग चुटकियों में हो रही है जिससे भ्रष्टाचार तक कम हुआ है तो इसके पीछे वो लाखों युवा है जो विश्व के साथ भारत की विश्वस्तरीय कंपनियों में दिन रात काम कर रहे हैं । यूपीआई या ऑनलाइन पेमेंट में तो आज भारत दुनिया से आगे है । ये सारे असंभव लगते कार्य भारत के सेवा क्षेत्र में हुए निजीकरण के कारण संभव हुआ है । ऐसा नहीं कि सरकारी क्षेत्र में योग्य अधिकारी या लोग नहीं पर उनमें और निजी क्षेत्र के अधिकारियों में बहुत मामूली सा अंतर है वो यह कि वे सिद्धहस्त पेशेवर होते हैं और सरकारी क्षेत्र में नियमों से बंधे या पावर के अहंकार से भरे लोगों की बहुलता होती है । यह कहा जाए तो निजी और सरकारी क्षेत्र की एक अघोषित प्रतिस्पर्धा होगी जिससे निश्चित रूप से कार्यशैली में सुधार होगा और फैसले तेजी से लिए जाएंगे । अब देखना यह है कि जिस तरह के भ्रष्टाचार या अन्य आरोप सरकारी नौकरशाहों पर लगे वैसे अगर इनपर भी लगे या साबित हुए तो क्या होगा ?



## अज्ञात अपराधियों ने ठेकेदार की गोली मारकर की हत्या



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला निवासी ठेकेदार श्याम सुंदर साव उम्र 50 वर्ष की शनिवार की रात आठ बजे अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बारे में बताया जाता है शनिवार की शाम श्याम सुंदर साव अपने घर से कुछ दूरी पर खड़े थे। इसी बीच वहां पहुंचे अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। बताया जाता है कि तीन गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद,शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार सदल-बल सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए शहर में छापेमारी कर रही है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में मतदान आमजन को मिला बहुमूल्य अधिकार है। हम सभी को चुनाव में मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिये।

**शशिभूषण दुबे अधिवक्ता पलामू।**

## तलवार से सिर पर वार, गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के केजी स्कूल रोड में शनिवार की शाम चार बजे शाहपुर निवासी रेयाजुदीन उर्फ लादेन नामक व्यक्ति पर अज्ञात अपराधियों ने लाठी-डंडे व तलवार से हमला बोल लिया। सिर पर वार करने से लादेन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## तस्वीर झूठ ना बोले




जनाब! कागज के फूल गुलदस्ते की ही शोभा होते है। गमले के नहीं। हाकिमों को कौन बताये? (छाया-संजय पाण्डेय)

### किरायेदार की आड़ में फर्जी दस्तावेज बनवा लेते हैं अपराधी , आगे चलकर होती है दिक्कत

# किरायेदारों का पुलिस वेरीफिकेशन जरूरी : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन ने आम जनों से अपील करते हुए कहा है कि अगर कोई व्यक्ति अपने मकान को किराए पर देता है तो उसका पुलिस वेरीफिकेशन करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अक्सर मकान मालिक अपने मकान को किराये पर देते समय किरायेदार की जानकारी संबंधित थाने को नहीं देते। इसका फायदा उठाकर कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति फर्जी नाम से मकान



किराए पर ले लेते हैं। इस तरह के अपराधी पुलिस को चकमा देकर व कानून से बचकर समाज व देश के लिए बड़ा खतरा बन जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि खुद को व समाज को सुरक्षित रखने के लिए मकान मालिक अपने किरायेदारों का पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। उन्होंने कहा कि मकान मालिक की सबसे पहले अहम जिम्मेवारी यही होती है कि जिस व्यक्ति को वह किराये पर अपना मकान दे रहे हैं। उस व्यक्ति का पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। क्योंकि किराये पर रहने वाला व्यक्ति फर्जी दस्तावेज के सहारे उसी पते का अपना पहचान पत्र इत्यादि बनवा लेता है। जिससे उसका पिछला रिकार्ड नहीं मिल पाता है।

**अक्सर मकान मालिक अपने मकान को किराये पर देते समय किरायेदार की जानकारी संबंधित थाने को नहीं देते। इसका फायदा उठाकर कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति फर्जी नाम से मकान किराए पर ले लेते हैं।**

## एक नजर

### सात प्रतिष्ठानों पर एक लाख 92 हजार जुर्माना



**मेदिनीनगर।** शहर के सात प्रतिष्ठानों पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं रहने पर एक लाख 92 हजार रुपया जुर्माना लगाया गया है। यह आदेश पलामू के अपर समाहर्ता सह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के मॉडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जारी किया है। ये कार्रवाई पनीर, खोवा, मिठाई , दही, पेड़ा, मसाले इत्यादि की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ की गयी है। इन दुकानों से सेंपल पहले ही लिया गया था। जांच के उपरांत इनकी गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाई गयी। सेंपल की जांच राजकीय खाद्य टेस्टिंग प्रयोगशाला में की गयी थी। अपर समाहर्ता ने बताया कि 15 दिनों के अंदर जुर्माने की रकम अदा नहीं करने पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाएगा।

### सर्किट हाउस सभागार में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन

# पलामू के निवर्तमान आयुक्त व आईजी को दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्त पलामू के आयुक्त दशरथ चंद्र दास एवं स्थानांतरित पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को उपहार प्रदान कर उनके कार्यकाल की सराहना की। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त ने अपनी सेवा काल की लंबी यात्रा तय की है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने निवर्तमान आयुक्त एवं आईजी के कार्यों से युवा पदाधिकारियों को प्रेरणा लेने की सलाह दी। निवर्तमान आईजी से तनाव मुक्त एवं ठंडे दिमाग से सोचने की शक्ति मिलती रही है। पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल से प्रेरणा लेने की बातें कही। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने निवर्तमान आयुक्त की सेवानिवृत्ति एवं पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया। निवर्तमान आईजी राजकुमार लकड़ा ने निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यों पर प्रकाश डाला। जबकि सेवानिवृत्त आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन पलामू के जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने किया। समारोह में वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर गढ़वा के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद, श्रम अधीक्षक इतवारी महतो, कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी विवेक विरूपा, चन्द्रशेखर कुणाल उपस्थित थे।



**आईजी राजकुमार लकड़ा ने निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यों पर प्रकाश डाला**

**निवर्तमान आयुक्त एवं आईजी के कार्यों को प्रेरणा लेने की सलाह : गढ़वा उपायुक्त**

गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने निवर्तमान आयुक्त एवं आईजी के कार्यों से युवा पदाधिकारियों को प्रेरणा लेने की सलाह दी। निवर्तमान आईजी से तनाव मुक्त एवं ठंडे दिमाग से सोचने की शक्ति मिलती रही है। पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है।



### रजिस्टर में इंट्री के साथ पहचान आईडी का पुलिस ने किया निरीक्षण

# पीएम के कार्यक्रम को लेकर होटलों की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की सीमा से सटे बिहार के औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट है। मेदिनीनगर शहर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवदत्त पोद्दार के नेतृत्व में पुलिस ने शहर के तमाम होटलों की गहनता पूर्वक जांच की। जांच के क्रम में होटलों में ठहरने वाले लोगों की रजिस्टर में इंट्री देखी गई। उन्हें ठहराने के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया गया है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गई। कमरा बुक कराने के लिए पहचान आईडी ली गई है या नहीं यह भी परखा गया। साथ ही होटलों में सीसीटीवी की व्यवस्था का मुआयना कर रजिस्टर मेंटेन नहीं करने वाले होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गयी। पुलिसकर्मियों द्वारा होटल में ठहरे लोगों की बैग और पहचान पत्र की भी जांच की गई। मौके पर टीओपी प्रभारियों के साथ टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार,परवेज खान, सहायक पुलिस प्रफुल्ल कुमार उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने जताया रोष, पात्रों के हक में लामबंद

# अबुआ आवास योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आवासविहीन लोगों के सिर पर छत मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रदेश में सत्तासीन महागठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार का अड्डा नहीं बनने दिया जायेगा। योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने शनिवार को आयोजित वार्ता में उक्त बातें कहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई प्रखंडों से लगातार शिकायत मिल रही है कि कुछ पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि इस योजना के बहाने आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। कांग्रेस उनकी मंशा कभी भी साकार नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीब-गुरबों के हक-हकूक के लिये संघर्ष करती रही है। आम जनता के लिये पार्टी की मुहिम लगातार जारी रहेगी। उन्होंने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई किये जाने की मांग की है। मौके पर शमीम अहमद राइन, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, संतोष गुप्ता, शैलेश मेहता उपस्थित थे।

## यज्ञ से मिलती है सुख, समृद्धि एवं शांति

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संगठन के प्रदेश व जिला टीम के कार्यकर्ता जोड़ गांव में आयोजित श्री रामचरित मानस नावाह्य परायण पाठ महायज्ञ में शामिल हुए। मौके पर यज्ञ कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानितकिया। यज्ञ के तीसरे दिन राम विवाह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि जोड़ गांव में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### पांकी व छतरपुर थाना क्षेत्र में हादसा, सदर अस्पताल में भर्ती

# कुत्तों को बचाने में बाइक से गिरकर दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम गोपाल डीह निवासी नरेश यादव उम्र 45 वर्ष शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की नरेश शुक्रवार की दोपहर बाइक से पांकी बाजार सामान खरीदने गए थे। इस बीच शाम को घर लौटते समय रास्ते में अचानक सामने आये कुत्ते को बचाने के फेर में वे अनियंत्रित होकर गिर गये। राहगीरों द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। एक अन्य घटना में छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खैरादोहर निवासी द्वारिका राम के पुत्र अभिषेक कुमार उम्र 20 वर्ष भी कुत्ते को बचाने के क्रम में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि अभिषेक शुक्रवार की शाम मेदिनीनगर से अपने घर छतरपुर जा रहे थे। इसी दौरान कुत्ते को बचाने के चक्कर में वे अनियंत्रित होकर गिर गये। मेदिनीनगर सदर अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है।



## रबड़ी गांव में रात में हाथियों की चहलकदमी

**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क के हाथी रबड़ी गांव में रात के समय पहुंच जा रहे हैं। हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचा जाये जाने से जहां किसान परेशान हैं। वहीं ग्रामीणों में भय व्याप्त है। पिछले कई दिनों से बेतला नेशनल पार्क से हाथियों का झुंड रबदी गांव पहुंचकर खेतों में लगे गेहूं, सरसों व बाजरा की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव के इतिहास के विद्यार्थी अरविंद कुमार ने बताया कि प्रतिदिन हाथियों का झुंड दिन ढलते ही गांव के बाहरी इलाके में जमा हो जाता है तथा पौ फटने से पूर्व ही चला जाता है। ये हाथी फसलों को खाते भले ही नहीं हैं, किंतु व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। झुंड में एक बच्चा हाथी भी है, लेकिन अभी तक इस झुंड ने जानमाल को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन कल

**मेदिनीनगर।** योजनाओं में भ्रष्टाचार एवं नियुक्ति प्रक्रिया में कदाचार के खिलाफ चार मार्च को सुबह 11 बजे से प्रखंड स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया है कि इस प्रदर्शन में मंडल में निवास करने वाले पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य,स्थाई मंडल प्रभारी, मंडल के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, समर्थक एवं आमजन भाग लेंगे।



### अधिवक्ता संघ भवन में आठ मार्च को पूर्व विधायक को किया जायेगा नमन

# प्रख्यात कानूनविद् सच्चिदानंद की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संयुक्त बिहार के प्रख्यात कानूनविद् सह डालटनगंज के पूर्व विधायक स्व. सच्चिदानंद त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर आठ मार्च को स्थानीय अधिवक्ता संघ भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। उनके पोते सह कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता शशिभूषण दुबे ने बताया कि सुबह 11 बजे से आयोजित समारोह का शुभारंभ स्व. त्रिपाठी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया जायेगा। इस दौरान अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 37वीं पुण्य तिथि समारोह के मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा होंगे। विदित हो कि स्वर्गीय सच्चिदानंद त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र से विधायक रहे थे। 1950 में उन्होंने वकालत की शुरूआत की थी। वे फौजदारी मामले के जाने माने अधिवक्ता थे। सदर प्रखंड के रजवाडीह गांव के निवासी स्व. त्रिपाठी संयुक्त बिहार में कानून के क्षेत्र के दिग्गज के रूप में जाने जाते थे।



**11 बजे से आयोजित समारोह का शुभारंभ स्व. त्रिपाठी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया जायेगा। इस दौरान अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया जायेगा।**

# भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में होली मिलन 17 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा मंदिर प्रांगण में बैठक कर सर्व सहमति से 17 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने कहा कि इस बार की होली पलामू प्रमंडल के विप्र परिवार जनों के लिए बहुत ही खास होने वाली है। आत्मीय होली मिलन समारोह में सभी अपनी भूमिका अवश्य सुनिश्चित करें। प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी ने कहा कि होली मिलन के जरिये उन सभी कलाकारों को एक मंच भी देने का प्रयास किया जाएगा, जो अभी तक मंच न मिलने के कारण अपनी प्रतिभा को निखार नहीं सके हैं। युवा समाजसेवी एवं आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि होली खुशी एवं उमंग का त्योहार है। होली मिलन समारोह में प्रमंडल के गांवों एवं शहरों में रहने वाले विप्र परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर प्रदेश संरक्षक बसंत तिवारी, परमेस तिवारी व मुकेश तिवारी, भार्गव सेना के प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी व संजीव पांडे, जिला संरक्षक मणि तिवारी, प्रमंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, उपाध्यक्ष अरविंद पांडे, जिला कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, जिला शिक्षा सलाहाकार अध्यक्ष रमेश पांडे, नगर उपाध्यक्ष रितिक चौबे उपस्थित थे।

## निर्णय

### स्टेट बार काउंसिल द्वारा गठित तीन सदस्यीय चुनाव समिति ने लिया निर्णय

# जिला बार एसोसिएशन के संचालन के लिये तदर्थ कमेटी गठित

**चुनाव होने तक पांच सदस्यीय तदर्थ कमेटी करेगी आय-व्यय सहित समस्त कार्यों की देखरेख**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा गठित तीन सदस्यीय चुनाव समिति ने शनिवार को बैठक कर जिला बार एसोसिएशन डालटनगंज पलामू के संचालन के लिये तदर्थ कमेटी का गठन किया है। चुनाव समिति के सदस्य अधिवक्ता शशिभूषण दुबे ने बताया कि बैठक में चुनाव संपन्न होने तक बार एसोसिएशन के आय-व्यय सहित समस्त कार्यों के लिये पांच सदस्यीय तदर्थ कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, मो. जावेद अख्तर खान पप्पू, शशिधर पांडेय व अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी को शामिल किया गया है। बैठक में चुनाव समिति के दो अन्य सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र तिवारी व शौकत अली भी मौजूद रहे। नवीन समिति के एक्शन में आने के बाद से कचहरी परिसर का माहौल एक बार फिर से चुनावी होने लगा है। विदित हो कि 16 दिसंबर 2023 को हुये मतदान के बाद 17 दिसंबर को मतगणना के अंतिम दौर में कतिपय उम्मीदवारों द्वारा आपत्ति जताने के बाद मतगणना प्रक्रिया रोक दी गयी थी। उसके बाद से लगातार विवाद का साया बढ़ते जाने से पलामू जिला बार एसोसिएशन का चुनाव पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ था। मामले में हस्तक्षेप करते हुये स्टेट बार काउंसिल के सचिव द्वारा शुक्रवार को पत्र जारी कर पलामू बार एसोसिएशन का फिर से चुनाव कराने के लिये तीन सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।





## एक नजर

### मतदाता जागरूकता को वॉकाथोन का आयोजन



**लातेहार।** आगामी चुनाव में जिलेवासियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित वॉकथोन को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वॉकथोन में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, एनसीसी कैडेट के छात्र छात्राएं शामिल हुए। अभियान का नेतृत्व उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा किया गया।

### बैठक में चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ के साथ बैठक की। अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने चुनाव गतिविधियों पर चर्चा करते हुए विभिन्न दिशा निर्देश दिए।

### बीएलओ को प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को सिंगल विंडो सेंटर में बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें बीपीओ, पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर, सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व अंचल अधिकारी राकेश सहाय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### भाजयुमो ने किया युवा चौपाल का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव ने किया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता कहा कि युवा चौपाल के माध्यम से जन-जन तक मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे युवा मोर्चा के लोग नए युवायों को जोड़ने का काम करेंगे ताकि मोदी जी का मिशन 400 प्लस का सपना साकार हो सके। मौके पर मनीष सिंह, अशोक गुप्ता, राकेश गुप्ता उपस्थित थे।

### पोर्टल का उद्घाटन

**चतरा।** निःशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त जिले के तीन विद्यालयों डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा, डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा, इन्दुमति टिबडेवाल विद्या मंदिर चतरा में प्रवेश कक्षा में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का शैक्षणिक सत्र 2024.25 में निः शुल्क नामांकन हेतु समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त पवन मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं साफ्टवेयर कंपनी बिट्सफेयर के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्रतापपुर थाना परिसर में उपस्थित लोगों की आंखों में भी छलक आए खुशी के आंसू

# आठ साल से बिछड़े बेटे को पुलिस ने मां से मिलाया

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**

मोतिहारी जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र निवासी यासीन मियां का पुत्र अली अकबर वर्षों से बिछड़ कर भटक रहा था। उसे पुलिस ने बरामद करते हुए उसकी मां शायदा खातून, चचेरे भाई सिराजुल हक और मामा को शनिवार को प्रतापपुर थाना परिसर में सौंप दिया। शारदा खातून ने बताया कि 8 साल पूर्व जब वह 14 वर्ष का था तभी वह घर से निकल कर भटक गया था। काफी खोज अपने स्तर से की, लेकिन नहीं मिला तो हम लोगों ने यह उम्मीद छोड़ दी थी कि जिंदा भी होगा। 14 वर्ष की आयु में अपने घर से बिछडा अली अब 22 वर्ष का हो चुका है। उसने बताया कि भटकने के क्रम में बिहार के कई शहरों में भटकते हुए इमामगंज थाना क्षेत्र के मल्हारी,



बांके बाजार, डुमरिया में रहने के बाद पिछले लगभग 6 माह से गजवा गांव थाना प्रतापपुर, जिला चतरा में इम्तियाज खान के घर में रह रहा था। इम्तियाज ने कहा कि इस दौरान कई लोगों ने उस पर अपना दावा ठोका कि मेरे घर का लड़का है लेकिन मैं उन सबों को दरकिनार करते हुए अपने घर रखने के उपरांत पुलिस को सूचना देते हुए इसके घर तक पहुंचवाने की अपील की। पुलिस ने निवेदन को गंभीरता से लिया और परिजनों से मिलाने के लिए एएसआई वीरेंद्र तिवारी ने अहम भूमिका निभाते हुए मोतीहारी पुलिस से संपर्क कर उसके परिजनों को सूचना दी। इस मुलाकात में अली अकबर और उनकी मां के चेहरे पर खुशी और आंखों में चमक थी। माता और पुत्र के मिलन के दृश्य को देखकर पुलिस कर्मियों सहित थाना परिसर में उपस्थिति व्यक्तियों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े थे। बिछड़े माता-पुत्र को मिलवाने में प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी, सहायक अवर निरीक्षक वीरेंद्र तिवारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अली को प्राप्त करने के बाद परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताया।

# बारियातु में 8 दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास आठ दुकानों से नकद नौ हजार आठ सौ रुपये सहित चालीस हजार रुपये का सामान अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। श्रीराम मंदिर परिसर की पांच दुकानों व बस स्टैंड की तीन दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकानदार श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक के संचालक अरविंद कुमार, रामवृक्ष गोसाईं व नरेश जेनरल स्टोर के संचालक ने बताया कि हम सभी गुरुवार शाम को प्रति दिन की तरह दुकान बंदकर पतरातू बरात चले गए थे। शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार होने के कारण सुबह दुकान खोली तो देखा कि



समान बिखरा पड़ा हुआ है। काउंटर में रखे 3200 रुपये गायब थे। वहीं रामवृक्ष गोसाईं की दुकान से 3500 रुपये व नरेश जेनरल स्टोर से 3100 रुपये सहित टॉर्च, टॉफी, चश्मा, घड़ी सहित अन्य सामान चोरों ने चोरी कर लिया। चोरों ने भाजपा कार्यालय, देवनंदन प्रसाद, हाड्वेयर दुकान, संतोष प्रसाद की बर्तन दुकान, बस स्टैंड के समीप वीके लॉड्री, प्रेम सैलून एवं रतन होटल में चोरी करने का प्रयास किया।

# सोशल मीडिया पर कल से चलेगा आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान

## उपायुक्त बोले- सूचनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सभी की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभाग द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण झारखंड राज्य में 4 मार्च से सोशल मीडिया अभियान आई एम वेरीफाइड वोटर का संचालन करने का निर्देश प्राप्त है। इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम उन्होने सभी उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का जन-जन तक सूचनाओं को पहुंचाने में बहुत बड़ा योगदान है। आगे उन्होंने कहा संपूर्ण झारखंड राज्य में 4 मार्च को 10:00 बजे से सोशल मीडिया पर आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान चलाया जाएगा। इसी दिन मतदाता अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना नाम मतदाता सूचि में देख सकते हैं और अगर किसी प्रकार की त्रृटि पाई जाती है तो संबंधित बूथ स्तर के पदाधिकारी से




संपर्क कर सूची में शुद्धि करा सकते हैं व छुटे हुए अपना नाम जुड़वा सकते हैं। आगे कहा अगर कोई मतदाता मतदान केंद्र पर नहीं पहुंच पा रहे हैं तो वो वोटर हेल्प लाइन एप्प के माध्यम से भी अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। ईपिक नंबर डालकर मतदाता कार्ड को भी देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नं. 1950 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त ने पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि अगर आप सभी के नजर में कोई मतदाता छुटे हुए हैं तो उसकी जानकारी बूथ स्तर के पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को दे सकते हैं। इससे छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियान को सफल बनाने में आपसबों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची अथवा ऑनलाइन नाम जांच करने के उपरांत मतदाता पर्ची की प्रति के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म यथा फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर आई एम वेरिफाइड वोटर का उपयोग कर साझा किया जा सकता है।

### चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 789171 मतदाता

चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 789171 मतदाता हैं, जिसमें महिला 383788 पुरूष 405381 हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12484 व थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 2 है। वहीं अभी तक कुल 41172 मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। एसएसआर 2024 के बाद भी 2479 मतदाता को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले भर के विद्यालय मतदान केंद्र, निजी संस्थान, प्राइवेट संस्थान, ग्रामीण क्षेत्रों में गतिविधि कराई जा रही है। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ चतरा सुरेंद्र उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

# चिकनी कोना में रोड और गार्डवाल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता

## जिपस सह सांसद प्रतिनिधि ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

प्रखंड की ओरसा पंचायत के चिकनीकोना ग्राम में एके एंड आरके कंपनी पर रोड के निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं बिहार के मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है, जबकि काम के अभाव में इस क्षेत्र से मजदूरों का पलायन प्रखंड में सबसे अधिक होता है। गांव के मजदूरों ने विरोध किया तो ठेकेदार द्वारा उन्हें नक्सली बताकर कार्य में बाधा उत्पन्न करने के नाम पर फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया को ग्रामीणों ने बुलाकर घटिया निर्माण एवं मजदूरी कार्य नहीं मिलने की शिकायत की। योजना स्थल पर पहुंचकर जिला परिषद ने ठेकेदार को कार्य बंद करने को कहा। संबंधित विभाग के जेई की उपस्थिति में रोड का कार्य करने को कहा, लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य बंद नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्राविवि (ग्राकामा) कार्य प्रमंडल लातेहार द्वारा मेढ़ारी से चिकनीकोना तक कुल लंबाई 1.6 किमी पीसीसी रोड एवं पुल का निर्माण करना है। यह योजना वर्ष 2021-22 की है। ज्ञात हो कि कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि अगस्त 2023 थी। अब तक पचास प्रतिशत कार्य भी नहीं किया जा सका है।



### संवेदक ने धमकी देकर कहा-जहां जाना है जाइये

गांव के जय कुमार तुरी, सुरेश महतो, लालदीप महतो, सागर यादव, राजू उरांव आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा अधूरे कार्य कर छोड़ दिए जाने से बरसात में हमारा ग्राम टापू में तब्दील हो जाता था। मार्च का महीना आता है, तो ठेकेदार द्वारा थोड़ा सा कार्य कर पैसा निकाल कार्य बंद कर दिया जाता है। कई मजदूरों की मजदूरी भी बकाया है। जिला परिषद सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि स्तेला नगेशिया ने कहा कि हमने घटिया निर्माण कार्य को लेकर जब संवेदक से बात करनी चाही तो उन्होंने मुझे ही धमकी देकर कहा कि जहां जाना है जाइये। काम किसी भी स्थिति में बंद नहीं होगा, सब जगह मैनेज हैं। वहीं चिकनी कोना के वार्ड सदस्य राजू तिर्की ने बताया कि गांव वालों ने जब भी इस काम का विरोध किया तो माओवादी केस में फंसा देने की धमकी संवेदक द्वारा दी जाती है। वहीं रोड निर्माण में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हम लोग इसी गांव के रहने वाले हैं और काम भी यहां कर रहे हैं। हम लोगों को कई महीने से संवेदक द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं मजदूरी दर पर मजदूरों ने बताया कि हमें मजदूरी 200-250 रुपये मिलती है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेण डांग, अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे एवं डीसी लातेहार से की है।

# स्थानांतरित अवर निरीक्षक को दी गई भावपूर्ण विदाई




**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

मयूरहंड थाने में पदस्थापित अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह के खरसावां स्थांतरण के उपरांत शनिवार को थाना परिसर में समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। सिंह ने मयूरहंड थाने में वर्ष 2020 में योगदान दिया था। समारोह का आयोजन विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह व समाजसेवी शिवकुमार सिंह की अगुवाई में की गई। इसमें कई पंचायतों के मुखिया व जनप्रतिनिधि के साथ समाजसेवी एवं क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट किया गया। साथ ही नव पदस्थापित थाना प्रभारी राहुल सिंह को भी माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर सिंह ने कहा कि मयूरहंड की जनता व जनप्रतिनिधियों से काफी सहयोग व प्यार मिला, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, पूर्व मुखिया भोला सिंह, मुखिया रामनाथ यादव, अशोक भुईयां, मुखिया प्रतिनिधि ईश्वरी मेहता, रामस्वरूप यादव, उप मुखिया जयनंदन यादव, भाजपा नेता अश्विनी सिंह, सीताराम सिंह, मिथलेश सिंह, रामरक्षा सिंह, सुरेंद्र सिंह, रसिक शिरोमणि, मनीर आजाद, लक्ष्मी राणा मौजूद थे।

# बाइक से अवैध कोयला ढो रहे 9 पकड़े

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चला कर मोटरसाइकिल से अवैध कोयला ढोने वाले नौ लोगों को पकड़ा। जानकारी देते हुए बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि बालुमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम को गुप्त सुचना मिली थी कि कुछ मोटरसाइकिल पर साइडिंग से कच्चा कोयला लोड कर अवैध तरीके से बिक्री के लिए ले जाए जा रहे हैं।

इस पर थाना स्तरीय दल का गठन किया गया और टोंटी हेसला, रहिया मोड़, सरहचवा, अलखडिहा के अलावा अन्य जगहों पर छापामारी अभियान चला कर हेसला की ओर से आ रहे नौ मोटरसाइकिल सवारों को रोक कर उस पर लदे कोयले से संबंधित कागजात मांगे गए तो चालकों द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। सख्ती बरतने पर सभी लोगों ने बताया कि हमलोग अमरवाडीह स्थित फुलवसिया कोल साइडिंग से कोयला चोरी कर



मोटरसाइकिल द्वारा परिवहन कर आसपास के क्षेत्रों में बिक्री करते हैं। चोरी के आरोप में सभी को कोयला सहित थाना लाया गया। इनमें प्रकाश कुमार यादव (34) पिता चेतलाल यादव साकिन बान्दु थाना लावालौंग, राजु कुमार गंझु (28) पिता जनेश्वर गंझु, विशुन्देव कुमार (30) पिता महादेव सिंह भोगता दोनों साकिन दुम्बी हपुआ थाना चतरा, महेंद्र सिंह भोगता (26) पिता जुगल गंझु साकिन बरवाडीह शिवराजपूर थाना लावालौं सभी जिला चतरा, अशोक यादव (32) पिता तुलसी यादव, आकाश कुमार (21) पिता जगदीश यादव, आनंद कुमार यादव (25) पिता दामोदर यादव, अभीषेक कुमार (20) पिता सुरेन्द्र भुइयां सभी ग्राम रहिया व सचिन कुमार (22) पिता भुटो राम साकिन लाटु सभी थाना बारियातू जिला लातेहार शामिल हैं। कांड संख्या 24/24 दर्ज कर सभी अभियुक्तों को लातेहार जेल भेज दिया गया। इस अभियान में मुख्य रूप थाना के एएसआई नीरज कुमार दुबे के अलावा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कारवाई से बाइक से ढोने वाले अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# 2000 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**



प्रखंड मुख्यालय में पावर सबस्टेशन कटघरा परिसर में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने शनिवार को बैठक की। बैठक में सहायक विद्युत कर्मी के साथ ऊर्जा मित्र, लाइनमैन आदि उपस्थित थे। कनीय अभियंता ने 2000 से अधिक बिजली बिल बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन युद्ध स्तर पर काटने का निर्देश दिया, जबकि ऊर्जा मित्रों को सही तरीके से लाभुकों को बिल समय पर घर-घर जाकर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बरतने व शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायत पर लाइनमैन को त्वरित गति से शिकायत का निपटारा करने का भी निर्देश दिया, जबकि प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक महीने की 24 तारीख को लगने वाले बिजली बिल वसूली शिविर में उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक बिल जमा करने की अपील करने की बात कही।

मौके पर सहायक विद्युत कर्मी विकास कुमार, झगरु यादव, मनीष केसरी, गोविंद रजक, संतोष कुमार, रविंद्र दांगी, रामजीवन यादव, महेंद्र सिंह,मंटू सिंह, पंकज कुमार वर्मा, रमेश तिर्की, महावीर दांगी, सुपरवाइजर पप्पू मिश्रा, राजेश सिन्हा विकास कुमार, छोटेलाल शर्मा, मनोज कुमार, संदीप कुमार, सरवन कुमार, नंदलाल कुमार व करू कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** | मदरसा खैरुल उलूम में सालाना तालीमी मुजाहिरा सह मुशायरा आयोजित

# मानवता की तालीम देता है कुरान : नजर ए तौहीद

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर से सटे तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में शनिवार को दो दिवसीय तालीमी मुजाहिरा सह मुशायरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो. एहसान ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन मदरसा खैरुल उलूम के नाजिम मौलान रिजवान दानिश नदवी कर रहे थे। जलसा की शुरूआत कारी वाहजुल हक साहब के द्वारा प्रस्तुत तिलावत ए कुरान पाक से की गई।

जलसा में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर कुरान, नात, स्पीच, तकरीर सुनाने के लिए पुरस्कार से नवाजा गया। जलसे में चतरा से आये मुफ़्ती नजर ए तौहीद ने अपने बयान में कहा कि इल्म ही सबसे बड़ी दौलत है। अपने बच्चों को अच्छी तालीम देना हर अभिभावक का फर्ज है। अपने बच्चों को कुरान पाक की तालीम दें। कुरान मानवता




की तालीम देता है। बच्चे उर्दू, अरबी और हिंदी के साथ अंग्रेजी भाषा की भी शिक्षा प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। कुरान को पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। हमें दुनियावीं तालीम के साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए जिससे दुनिया के साथ ाखिरत की भी तैयारी हो सके। हरदिल अजीज शायर असद आजमी आजमगढ़ (यूपी) ने अपने सुरीली आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं समाजसेवी जुनैद अनवर और ताबिश आलम (रांची) ने एक दिन में पूरी कुरान सुनाने वाले मदरसे के तीन बच्चों को नकद पुरुस्कार देने की घोषणा की। मौके पर मुख्य अतिथि भाकपा नेता प्रमोद साहु, झामुमो नेता दीपु सिन्हा, समाजसेवी रवि कुमार डे, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव उर्फ ट्विंकल, अलाउद्दीन पप्पू, मदरसा के नाजिम मौलाना रिजवान दानिश नदवी, डॉ शम्स राजा, हाफिज मो एहसान, हाजी तौफीक, मुबारक आलम, मौलाना इरफान, मौलाना सलमान, मौलाना अबूबकर, मो इरफान, मो राजु, नसीम अंसारी, मो एहतेशाम (सोनु), मो अरशद, मो इरशाद डब्लु आदि मौजूद थे।

# शोभा यात्रा के साथ सात दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ले में आयोजित सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शनिवार को विशाल कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप शाला परिसर से प्रारंभ होकर मुरपा मोड कसियाडीह प्रखंड कार्यालय दिवाकर नगर होते हुए मकईयाटाड़ नदी पहुंची, जहां पंडित शेष नारायण आचार्य ने श्रद्धालुओं को संकल्प कराकर जल उठाया और यज्ञ साल मंडप की परिक्रमा कर अपने-अपने कलश को स्थापित किया। मुख्य यजमान की भूमिका रति गंझू एवं उनकी पत्नी ने निभाई। इसमें लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, पूर्व विधायक प्रकाश राम, समाजसेवी बबन सिंह, जीवन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वरी उरांव, झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझु, हेरहंज भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, भाजपा नेता शैलेश सिंह आदि ने भाग लिया। महायज्ञ 2 मार्च से 9 मार्च तक चलेगा।

### सेना में शामिल होने को 22 तक करा पाएंगे ऑनलाइन पंजीकरण

**लातेहार।** सेना में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवार 13 फरवरी से 22 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर कार्यालय सहायक/स्टोरकीपर (एसकेटी), अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास। अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस (डब्ल्यूएमपी) एवम सैनिक तकनीकी (नर्सिंग सहायक) की श्रेणियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 13 फरवरी से 22 मार्च तक खुला रहेगा और ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से शुरू होगी। उपायुक्त गरिमा सिंह ने सभी युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की है।

## एक नजर

### उपायुक्त ने की नगर परिषद के साथ बैठक

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर परिषद के नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से एसडीओ सदर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की भी उपस्थिति रही। इस दौरान उपायुक्त द्वारा राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में शहरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान दिवस एवं उससे पूर्व मतदाओं को जागरूक करने से संबंधित सभी तैयारियों को लेकर विशेष चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### 88.2 प्रतिशत टागेर्टेड पॉपुलेशन को खिलाई गई फाइलेरिया दवा

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के साथ फाइलेरिया मुक्त अभियान के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। एमवीडी सलाहकार शर्मिला शर्मा ने जिले में पिछले एक माह से चलाए गए फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत दवा वितरण कार्यक्रम से संबंधित रिपोर्ट से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्त अभियान को 29 फरवरी तक चलाया गया एवं उक्त अभियान के तहत टोटल पॉपुलेशन के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कुल 76.51 प्रतिशत लोगों को दवाई खिलाई गई वहीं टागेर्टेड पॉपुलेशन के तहत कुल 88.02 प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया मुक्ति की दवाई दी गई है। मौके पर सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप आदि मौजूद थे।

### अवैध बालू डंपिंग मामले में जमीन मालिक पर प्राथमिकी



**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के डांडू में अवैध रूप से बालू उठाव कर डंपिंग की सूचना पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने संयुक्त कारवाई करते एक सौ ट्रैक्टर बालू को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई आरंभ कर दी है। जमीन मालिक स्व. रहमुद्दीन अंसारी के पुत्र मुत्तलिब अंसारी डांडू निवासी की जमीन में 95 ट्रैक्टर बालू डम्प किया गया था। मुत्तलिब अंसारी के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। बालू डंपिंग माफिया की पहचान में पुलिस जुट गई है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी ने बताया कि अवैध बालू डंपिंग के विरुद्ध कारवाईकी जा रही है। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार ने कहा कि अज्ञात लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर बालू डंप किया जा रहा था। बताया जाता है कि बालू घाट का लीज होने की अफवाह उड़ा कर दिन में धड़ल्ले से अवैध कारोबार जारी था।

### बीएस कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीडीसी बोले

# हर समस्या का समाधान एक वोट

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियां नियमित रूप से स्वीप कोषांग, लोहरदगा की ओर से आयोजित की जा रही है। विभिन्न विभागों के समन्वय से निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप के अंतर्गत बीएस कॉलेज में अमित म्युजिकल बैंड, रांची द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इसकी शुरुआत उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने की। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में आज भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान के जरिये सरकार चुनी जाती है। इसलिए आपका एक वोट बहुत महत्वपूर्ण है। देश के संपूर्ण विकास के लिए चाहे वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो या अन्य कोई क्षेत्र, आपका का मतदान प्रक्रिया में भाग लेना बहुत जरूरी है। लोकसभा चुनाव के महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा अब होने ही वाली है। इस बार हम लोग 90 प्रतिशत से ऊपर लोहरदगा जिले का मतदान प्रतिशत ले जाएंगे। इसके लिए सभी को एक शपथ लेनी होगी कि किसी भी परिस्थिति में हम अपना मतदान अवश्य करेंगे। देश के निर्माण में लोकतंत्र के माध्यम से अपनी भागीदारी देंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान आपके एक वोट में है। विद्यालय की कमी हो या अस्पताल की कमी हो, अपने क्षेत्र के लिए एक बेहतर व्यक्ति का चुनाव आप अपने वोट से ही कर सकते हैं।

#### दिलायी गई शपथ

कार्यक्रम में पदाधिकारियों, प्राध्यापकों और छात्र- छात्राओं को उप विकास आयुक्त द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा अंतर्गत भारत देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई।

#### हस्ताक्षर अभियान

कार्यक्रम में नगर परिषद की ओर से हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसकी शुरुआत उप विकास आयुक्त द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों की एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, एसडीपीओ, एसडीओ अमित कुमार, स्वीप कोषांग की नोडल-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, कोच व क्रिकेट खिलाड़ी अमित कुमार, कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

प्रखंड मुख्यालय के संत अन्ना हाई स्कूल के समीप दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन लोग जख्मी हो गए। उन्हें ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बारवे हाई स्कूल के दो छात्र पीपल चौक निवासी निरोज टोप्पो, पिता अरूण टोप्पो एवं छतरपुर निवासी अनुराग तिग्गा पिता राफेल तिग्गा एक्जाम देने जा रहे थे। इसी दौरान बम्हनी गांव निवासी चोन्हस मिंज की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई, जिसमें तीनों जख्मी हो गए। घायल छात्रों ने बताया कि बीच रोड में बस खड़ी थी, जिसके कारण आगे से आने वाली गाड़ी का पता नहीं चल पाया। घटना में चोन्हस मिंज के सिर एवं हाथ में गंभीर चोट है। डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है।



### शंभु सिंह ने गुमला जिले के एसपी के रूप में ग्रहण किया पदभार



**गुमला।** जिले के 31 वें एसपी के रुप में शनिवार को शंभु कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शांतिपूर्ण व निष्पक्ष माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न करना होगा। वहीं जिले में पुलिस और पब्लिक के बीच जो रिश्ता है उसे और बेहतर बनाने का प्रयास होगा। नक्सल क्षेत्र के विकास पर फोकस होगा। जिलेवासियों से अपील होगी कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि की सूचना मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। कहा कि जिले के कोर एरिया जहां पुलिस नहीं पहुंच पाती है उन स्थानों तक पहुंच बढ़ाया जाएगा।

### कैथोलिक प्रचारक प्रमोद खलखो को पद से हटाया

**चैनपुर।** गिरजा समिति अध्यक्ष सैमुअल खलखो की अध्यक्षता में नगर यूनिट गिरजा परिसर में कैथोलिक लोगों की बैठक में प्रचारक प्रमोद खलखो को सर्व सहमति से पद से हटाने का निर्णय लिया गया। इसका मुख्य कारण राजनीतिक जनप्रतिनिधि एवं आजसू पार्टी का समर्थन करना व चैनपुर प्रखंड का उपप्रमुख भी है।

## विधिक जागरूकता वाहन को पीडीजे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राष्ट्रीय कानून सहायता मिशन के तहत व्यवहार न्यायालय लोहरदगा परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी न्यायिक पदाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, कर्मी, पारा लीगल वॉलिंटियर आदि लोग उपस्थित रहे।

वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार ने कहा कि चलंत वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांवों व कस्बों में पहुंच कर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम चलाने और विभिन्न मामलों के निष्पादन की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही लोगों से उनके समस्याओं से संबंधित आवेदन ली जाएगी। उन्होंने कहा कि 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन होना है। इसके प्रचार प्रसार में भी यह सहायक सिद्ध होगी। वहीं डालसा सचिव ने कहा कि उक्त चलंत लोक अदालत वाहन 2 मार्च से 30 मार्च तक जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न गांवों में जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि वाहन में पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वोलेंटियर्स मौजूद रहेंगे, जो जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों को कानून के बारे में जानकारी देंगे। चलंत वाहन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव बढ़ेगा। शनिवार को कुडू प्रखंड में वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। वाहन में एलएडीसीएस अधिवक्ता नारायण साहू, मध्यस्थ वीके प्रसाद, पीएलवी हफीजुल अंसारी व जीतनारायण साही उपस्थित रहे।

## बीए सेमेस्टर-2 परीक्षा का आयोजन कल से शुरू मोबाइल फोन पर प्रतिबंध

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज में आगामी 4 मार्च से आयोजित होने वाली बी ए सेमेस्टर 2 की परीक्षा को लेकर रणनीति बैठक आयोजित की गई। यह परीक्षा सत्र 2022-26 के कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों संकायों के लिए सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक दोनो पालियों में यह परीक्षा होगी। बैठक में कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया कि परीक्षा में मोबाइल फोन लेकर आने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। साथ ही जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। साथ ही पूरे महाविद्यालय परिसर में सुरक्षाकर्मियों तैनाती की गई है। सभी परीक्षार्थी ससमय उपस्थित होकर परीक्षा देंगे। बैठक में कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस के पी गुप्ता, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, प्रो नईम खान, परीक्षा नियंत्रक डॉ अजीत गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**



प्रखंड मुख्यालय में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को प्रेमनगर शिव मंदिर में सभी माता बहनों द्वारा शिव पार्वती विवाह के हल्दी समारोह का आयोजन किया गया। वहीं महाशिवरात्रि पूजा समिति के लोगों ने बताया कि 6 मार्च को प्रेमनगर शिव मंदिर में मड़वा गड़ाएगा एवं 2 बजे से मेहंदी एवं संगीत का कार्यक्रम होगा। 8 मार्च को सुबह आठ बजे शिव मंदिर में रूद्राभिषेक होगा। शाम पांच बजे प्रेमनगर के शिव मंदिर से शिव बरात निकाली जाएगी, जो चैनपुर के अल्बर्ट एक्का चौक से एम एल ए रोड, पीपल चौक होते हुए दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचेगी। यहां शिव पार्वती का विवाह होगा। इसके पश्चात भंडारे का भी आयोजन होगा।

## जन सहयोग से क्षेत्र को बनाएंगे अपराध मुक्त : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को आनंद दुबे की अगुवाई में नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण पर चर्चा की। सिंह ने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए सभी जनों का सहयोग जरूरी है। पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अपराध पर नियंत्रण रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने में ही भलाई है। कानून को अपने हाथ में लेने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने प्रखंड के सभी आम जनता से अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। दुबे ने कहा कि पुलिस-प्रशासन, प्रतिनिधि एवं आमजन के सहयोग से क्षेत्र में होने वाले आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। भंडरा प्रखंड में शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। किसी भी तरह की अफवाह को संबंधित पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर आनंद पंडित, अमित गुप्ता, भीम शाहदेव, संतोष साहू, रोहित साहू, मन्नू गुप्ता मौजूद थे।

## युवा चौपाल में शामिल हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के तोड़ार ग्राम में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि भाजपा की सरकार लगातार देश का मान बढ़ा रही है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मोदी सशक्त निर्णय लेते हैं। कार्यकर्ता और आम जनता के आशीर्वाद से 400 सीटें जीतने का लक्ष्य पूरा करेंगे। भाजपा झूठ की राजनीति नहीं करती है। वहीं प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, अनुसूचित एवं जनजाति का ख्याल रखती है और अवसर देती है। लगातार राज्य के उत्थान के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मनीष शिखर, बाल्मीकि कुमार, सजल कुमार, विश्वजीत शहदेव, रंजीत यादव, बाबूराव उरांव, शरद, पंकज, नवल साहू आदि उपस्थित थे।

## हाथियों के बड़े झुंड ने कुडू में किया प्रवेश, ग्रामीणों में भय

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



कुडू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत मकान्दू गांव में शुक्रवार की देर रात दस बारह हाथियों के एक झुंड के पहुंचने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार छोटे और बाकी वयस्क हाथियों का यह झुंड मकान्दू पहाड़ और बड़मारा गांव के बीच के इलाके में पूरी रात इधर से उधर विचरण करता रहा। किसी अनहोनी की आशंका से डरे हुए आसपास के गांव में पूरी रात अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि कुछ गेहूं और मटर की फसलों को आंशिक नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ बड़े नुकसान की खबर नहीं है। शनिवार की सुबह तक हाथियों के झुंड को राहे पहाड़ में विश्राम करने की सूचना मिल रही है, जिससे ग्रामीणों में भव व्याप्त है। क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने ग्रामीणों से सावधान और सतर्क रहते हुए हाथी के करीब न जाने, पटाखे फोड़कर, पत्थर मार कर, तीर चलाकर, उपद्रव मचा कर या किसी अन्य तरीके से हाथी के झुंड को उत्तेजित न करने की अपील की है। ज्ञात हो कि बीते कुछ वर्षों में जिस प्रकार से हाथियों के उत्पात और खेती और घरों को बर्बाद किये जाने की घटनाये हुई हैं इस सोच मात्र से ही क्षेत्रवासी सहमे हुए हैं।

### पहल उप विकास आयुक्त ने की स्वीप के कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील

# ‘आई एम वेरीफाइड वोटर’ अभियान कल से शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में संपूर्ण झारखंड राज्य में 4 मार्च से चलाये जाने वाले सोशल मीडिया अभियान आई एम वेरीफाइड वोटर के संचालन को लेकर सभी संबंधित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मतदाता वेरीफिकेशन का एक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें प्रत्येक मतदाता अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदाता सूची में या ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से जांच कर संतुष्ट होंगे कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। वे अपने साथ मतदाता सूची के साथ अपना फोटो अपने सोशल मीडिया एप पर अपलोड करेंगे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व बीएलओ भी मतदाता के साथ फोटो अपलोड करेंगे। मतदाता केंद्र पर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची एवं प्रपत्र 6,7 एवं 8 भी उपलब्ध रहेगा। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा इस अभियान के दौरान मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किये जाने का निर्देश दिया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से सहयोग की अपील की गई।

उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से अपील की कि उक्त तिथि को अभियान के दौरान सभी पदाधिकारी व राजनीतिक दल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभियान को हैशटैग के साथ ट्रेंड कराएं ताकि यह राष्ट्रीय स्तर पर सफल हो सके। उप विकास आयुक्त द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी को संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये जाने का निर्देश दिया। अभियान की रिपोर्ट प्रत्येक दिन भेजे जाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा स्वीप कोषांग की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए निर्धारित स्वीप कार्यक्रमों में सभी की भागीदारी की अपील की। बैठक में स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी द्वारा स्वीप के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सभी को दी। प्रखंड स्तर पर भी मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जैसे नुक्कड़-नाटक आदि आयोजित किये जाने का निर्देश प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। नगर परिषद, लोहरदगा को जिला में मैराथन दौड़, क्रिकेट प्रतियोगिता समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, स्वीप कोषांग की नोडल-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बीडीओ, राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव आदि उपस्थित थे।

## सांसद के प्रयास से 454 दिव्यांग जनों को मिला सहायक उपकरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगजन को सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इसमें मुख्य रूप से डीडीसी दीलिप सिंह शेखावत, जिला सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं जिला सामाजिक कल्याणकारी पदाधिकारी उपस्थित थे। दिव्यांगजन के सहायक उपकरण के लिए क्षेत्रीय लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने पिछले दिनों सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को पत्राचार के माध्यम से अपने लोकसभा क्षेत्र लोहरदगा और गुमला जिले के दिव्यांग भाई बहनों को सहायक उपकरण की सहायता की मांग थी ताकि दिव्यागंजन समाज में पीछे न रहे अलग थलग न रहे। अपने को उपेक्षित महसूस न करे। समान अवसर प्राप्त हो। इस पर भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने निर्देश देते हुए प्रत्येक प्रखंडों में इसका जांच शिविर सिविल लगाकर लाभार्थियों की सूची तैयार की गई। इसमें गुमला नौ सौ से अधिक और लोहरदगा में 454 लाभार्थी ने आवेदन किया। ट्राईसाइकिल 153, बैटरी चलित ट्राईसाइकिल 7, फोल्डिंग व्हीलचेयर 133, बैसाखी 284, रॉलेटर 10 बीटीई (कान का मशीन)66, ब्रेल केन -18 इत्यादि का वितरण किया गया।

# सुरक्षा के मापदंड से परे खतरनाक हैं स्लीपर बसें

**अमित कुमार। रांची**

लंबी दूरी के लिए रांची से प्रतिदिन चलने वाली सैकड़ों अंतराज्यीय स्लीपर बसें सुरक्षा को धत्ता बताकर बेरोक टोक चल रही हैं । स्लीपर बस की कई दुर्घटनाएँ देश भर से सामने आ चुकी हैं जिसमें आमने-सामने की टक्कर या बस पलटने पर कई यात्री मारे गए । इस दौरान हुई दुर्घटनाओं में सबसे अधिक नींद में सोये हुए व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस वजह से इसके परिचालन पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। बावजूद इसके झारखंड में सैकंड़ो की संख्या में स्लीपर बसें चलायी जा रही है। कांटाटोली बस स्टैंड से सबसे अधिक बसे चलती हैं । इसके अलावा धुर्वा, रातू रोड, आईटीआई बस स्टैंड, बूटी मोड़ सहित अन्य कई जगहों से बसें चलती हैं । एक्सपर्ट बताते है कि स्लीपर बसो में सफर कर रही सवारी नींद के वजह से स्थिर अवस्था में होते है और अचानक होने वाली दुर्घटना से उन्हें बचाव का कोई मौका नहीं मिलता है।



**एयर बैग के साथ उपर नीचे होंगे स्लीपर बर्थ :** केद्र सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए सेंट्रल व्हीकल मोटर एक्ट में बदलाव कर एक क्लोज एआइएस119 जोड़ा है। इसके तहत स्लीपर बस संचालको को एक मापदंड के अनुसार ही अपनी बसों का निर्माण कराना है, तभी उन गाड़ियों का परमिट पास किया जाएगा। इसमें गाड़ी के उपर और नीचे स्लीपर बोगी बनानी है साथ ही स्लीपर बर्थ में सुरक्षा के लिए बैल्ट और दुर्घटना के दौरान खुलने वाला एयर बैग सहित आगे पीछे दो गेट होना आनिवार्य है।

**राजधानी में धड़ल्ले से दौड़ रही है पुराने मॉडल की स्लीपर बसें :** नये नियम लागू होने के बाद भी राजधानी में आज भी एआइएस 52 नियमों के तहत जारी पैमाने पर चलने वाली अधिकांश बसों का परिचालन हो रहा है। नये नियम के तहत बनने वाली गाड़ियों का स्पष्टीकरण नहीं मिलने से जिला परिवहन विभाग द्वारा परमिट जारी नहीं किया गया है।

**अखिलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी :** राजधानी से लंबी दूरी के लिए चलने वाले अधिकांश स्लीपर बसों में सिर्फ उपर ही स्लीपर बर्थ बने होते है, जिसका एक स्लीपर बर्थ पर दो लोगों का टैक्स देना होता है। हालांकि यह एमवीआई का मामला हो जाता है कि पुराने बसों का मापदंड अभी कैसा हो । उनकी रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई होगी।

### किशोर मंत्री, अध्यक्ष एफजेसीसीआइ



2018 में झारखंड सरकार ने उन बसों को मान्यता दी थी। इसके बाद बनने वाले सभी बसें उसी मापदंड के अनुरुप है। लेकिन बसों की कंडीशन अच्छी होने की वजह से वे सभी बसें आज भी सड़कों पर दौड़ रही है। वर्तमान में नये मापदंड के अनुसार बसों को तैयार किया जा रहा है।

### जब चलती-फिरती चिता बन गई थी स्लीपर बसें

बीते 8 नवंबर को गुरुग्राम से उत्तर-प्रदेश के हमीरपुर के लिए स्लीपर बस चली अचानक सवारियों को धुएं से घुटन और गर्मी महसूस होने लगी। जब तक बस को रोककर देखा गया, तब बाहर से बस आग की लपटों से घिरी थी। घटना के वक्त बस में करीब 50 सवारियां थी, जलती बस से बाहर निकलना आसान नहीं था। बस में धुआं भरने से लोगों का दम घुटने लगा था. कुछ लोग बस की खिड़की तोड़कर बाहर निकले और अपनी जान बचाई। गुरुग्राम में स्लीपर में आग लगने की कोई पहली घटना नहीं है, पिछले 2 वर्ष में ऐसी 5 घटनाएं सामने आई हैं. इन हादसों में 50 लोगों की जान चली गई, सैंकड़ों लोग घायल हुए। जून 2022 में कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में स्लीपर बस में दुर्घटना के बाद आग लग गई थी। इस हादसे में 7 लोगों की जलकर मौत हो गई थी।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.
### Very SHORT NOTICE INVITING TENDER
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/21/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 11.03.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 12.03.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 12.03.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of S.P Office Campus (B Block Collectriate Building), Daltonganj, Palamu.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Estimate for Miscellaneous Work of S.D.O Residence (Repair of Garage, Electrical and Sanitary Fitting of Residence, Leveling of Residence Campus, Fencing Work, RCC Covered Brick Drain, Cow Shed, Watch Tower & Bathroom), Hussainabad, Palamu, Jharkhand. | 3520300.0 | 70500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road From P.C.C Road to Kosiyara Bhalwa River Bridge, Nawadih Kala, Panchayat - Baghmanwa Under Block - Bishrampur, Palamu. | 2336500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रदद या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 321275 Building(23-24)D

# मेहनत और लगन से पढ़ाई करें विद्यार्थी : जीनत कौशर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को फ्रेशर्स डे और फेयरवेल का आयोजन किया गया। मौके पर संस्थान के न्यू पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। वहीं, पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के विद्यार्थियों को फेयरवेल दिया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत व नृत्य पर संस्था के स्टूडेंट्स जमकर थिरके। कौंसिल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की सचिव श्रीमती जीनत कौशर थीं। उन्होंने कहा कि आप सभी स्टूडेंट मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने कॉलेज का नाम रोशन करें। पैरामेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ नाजनीन कौसर ने कहा कि हमारा इंस्टीट्यूशन मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। संस्थान की निदेशक डॉ शाहीन कौशर ने कहा कि मैं सभी नए विद्यार्थियों का अपने कॉलेज में तहे दिल से स्वागत करती हूं। आप सभी को शिक्षण संसाधनों, व्यावहारिक

# सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची में इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च पर व्याख्यान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के जंतु विभाग ने आईक्यूएसी अकादमिक सहयोग पहल के तहत इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। वर्जीनिया टेक्निकल यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो (डॉ) सुनील कुमार सिन्हा ने अपने शोध कार्य एवं विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने भूमिगत जल और उसके संरक्षण की उपयोगिता को डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के परस्पर उपयोग की महत्ता पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ियो को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को और प्रश्नों को गंभीरता पूर्वक सुना और सुलझाया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, संयुक्त कार्यशालाओं और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यापक साझेदारी की सुविधा प्रदान करना है भी था।

फादर डॉ नाबोर लकड़ा, प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स कॉलेज, डॉ भारती रायपत विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, सेंट जेवियर्स कॉलेज और रेक्टर डॉ अलेक्स एक्का, प्रो डॉ. शिव कुमार, डॉ रितेश शुक्ला, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ मनोज, डॉ पीपस, प्रो रितेश सिंह, प्रो कमलदीप, प्रो अजय, प्रो सेन, प्रो संयुक्ता कुमार प्रो मौली और विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रिंसिपल ने कहा, अच्छी तरह से शिक्षित एवं योग्य युवा को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम युवा शोधकर्ताओं को शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

### ई – अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः– **14/2023-24 / RWD /LOHARDAGA** दिनांक 01.03.2024

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA / 04/ STPKG -04/ 2023-24 | खिजरी मोड़ से खवासखिजरी तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 0.750 कि0 मी0)<br>नगजुआ से गोपालगंज तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 5.500 कि0 मी0)<br>नगजुआ से ख्वासअम्बा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.100 कि0मी0)<br>बड़गांई मोड़ से बड़गांई तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.900 कि0 मी0)<br>नरौली से खण्डा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.400 कि0 मी0)<br>गजनी मोड़ से उलटी तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.700 कि0 मी0)<br>नगजुआ रेलवे स्टेशन से गाराडीह मोड़ तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.600 कि0 मी0)<br>चटटी कैरो पी0 डब्लू0 डी0 पथ पचगांई से अम्बाटोली तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.590 कि0 मी0)<br>चेरिमा से सिया टोली तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.400 कि0 मी0)<br>नरौली मोड़ से नरौली तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.400 कि0 मी0)<br>आर0 ई0 ओ0 पथ (हल्दी बगीचा) नगजुआ से गजनी तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.600 कि0 मी0) | 13,22,12,100.00 | तेरह करोड़ बाईस लाख बारह हजार एक सौ रू0 मात्र । | 15 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.03.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.03.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 11.03.2024 अपराह्न 12.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 321242 Lohardaga(23-24).D

# श्री श्याम भंडारे में 3500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल का 102वां श्री श्याम भंडारा शनिवार को भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के गीतादेवी सरावगी, संतोष सरावगी, सुनील सरावगी, स्वाती, अनुराधा, श्याम, यश, पिंकी, शीतल, पुनीत, अंकिता, पियूष, ऋतिक सरावगी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश, रिद्धि सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। 'आओ आओ भोग लगाओ' बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री परिवार ने खाटू नरेश का मनोहर किया। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रद्धा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को सरावगी परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री सरावगी परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।खाटू नरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंजता रहा। आज के श्री श्याम भंडारे में लिट्टी, आलू चोखा, दाल, धनिया चटनी व केसरिया जलेबी का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था।

### श्री सुंदरकांड पाठ 5 को

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार (5 मार्च) को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 92वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य द्वारा पाठ करवाया जाएगा। सुनील मोदी अपने परिजनों के साथ बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे।

# रांची सदर अस्पताल में पहली बार टेप विधि से हर्निया का सफल ऑपरेशन



### टेप विधि से ऑपरेशन के फायदे

- इसमें रक्तस्राव नगण्य होता है।
- दर्द बहुत कम होता है।
- मरीज अपनी दिनचर्या में बहुत जल्द (2-3दिनों में) वापस लौट जाते हैं।
- चीरा का कोई दाग नहीं रहता है।
- दोबारा हर्निया होने का खतरा ओपन विधि के मुकाबले बहुत कम होता है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर अस्पताल रांची के सर्जरी विभाग ने मार्च महीने की शुरुआत में ही एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। सदर अस्पताल में पहली बार टेप (टोटली एक्स्ट्रा पेरिटोनील) विधि द्वारा इंगुइनल हर्निया का ऑपरेशन किया गया है। झारखंड के किसी भी सदर अस्पताल में संभवतः पहली बार टीईपी या टेप विधि से ऑपरेशन हुआ है। इस विधि में बिना पेट के अंदर गए हुए, पेट की दीवार के परतों के बीच जगह बनाकर, हर्निया की थैली को छुड़ा कर उसे काट कर बांध देते है। इसके बाद प्रोलिन जाली बिछा दी जाती है। यह पूरी प्रक्रिया तीन अत्यंत छोटे छेदों द्वारा की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि टेप विधि से हर्निया का ऑपरेशन रांची के कोकर के रहने वाले 46 वर्षीय मरीज जय किशुन यादव की हुई है। वे काफी लंबे समय से दाहिने तरफ के हर्निया से परेशान थे। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं था। उनका आपरेशन निःशुल्क हुआ है। बताया गया कि इस पूरी प्रक्रिया में सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक का विशेष योगदान रहा। कहा कि इससे पहले भी चार अलग-अलग लेप्रोस्कोपिक विधि से विभिन्न प्रकार के हर्निया के आपरेशन की शुरुआत सदर अस्पताल, रांची में की गई है। ऑपरेशन करने वाली टीम में लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार, निशचेतक डॉ दीपक, डॉ विकास वल्लभ तथा ओटी स्टाफ सरिता, शशि, लखन, सुशील, मुकेश, पूनम आदि शामिल थे। बताया गया कि टेप विधि अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी है। इस आपरेशन को करने के लिए हाई स्किल की जरूरत होती है। आम तौर पर निजी और कॉरपोरेट अस्पतालों में संपन्न मरीज ही इसे करवाते हैं।

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)
## कार्यालय-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
## जिला संयुक्त कृषि कार्यालय तपेज, पोस्ट,तपेज, जिला-चतरा
E-Mail ID- chatrasco@gmail.com

### आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में कृषक, कृषक समूहों एवं अन्य को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित दर पर वितरण हेतु"मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना" हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना।

# डाटा बेस की तैयारियों से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित निर्देश दिए। उपायुक्त ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कहीं। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया



मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, मोबलाइजेशन, ट्रांसपोर्ट, स्वीप प्लानिंग, मेडिकल प्लान समेत अन्य कोषांग आदि के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चुनाव स्थल तक मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही चुनाव कार्य कर रहें अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण देने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुणा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

## वर्तमान विधायक के झूठे वादे से परेशान ग्रामीणों ने झापा पर भरोसा जताया : संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
प्रखंड अंतर्गत रैसिया पंचायत के बोकबा में झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों की समस्या सुनने पहुंचे।जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के ऊपर झूठे वादे करने का आरोप लगाया ,ग्रामीणों ने कहा पिछले साल बोकबा गांव में 27 मार्च 2023 को झुमझार महत्सव कार्यक्रम हुआ था जिसमे विधायक ने बोकबा गांव में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आश्वासन दिया था लेकिन सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाया ग्रामीणों ने कहा कि उनके इस झूठे वादे से परेशान ग्रामीणों ने अब झारखंड पार्टी पर भरोसा जाताया है वहीं ग्रामीणों ने कहा कि विधायक यहाँ आते ही नहीं है तो हमारा काम कहाँ से होगा।ग्रामीणों ने कहा एनोस एक्का मंत्री थे तो यहां पूरे क्षेत्र में विकास की धारा बहती थी।अब



तो विधायक से मुलाकात होती है ना उनका कोई काम दिखता है। इन सबके बाद झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी हमारा क्षेत्रीय पार्टी है यह हर दुख सुख का पार्टी है। माटी का पार्टी है जल जंगल जमीन का पार्टी है।राष्ट्रीय पार्टियां जनता के बीच सिर्फ धर्म के नाम पर लड़ाई लगाने की काम करते हैं।साथ ही संदेश एक्का ने कहा कि आप हमें जीता कर हमारा हाथ मजबूत करें। जिससे हम हर संभव आपकी क्षेत्र का विकास करेंगे और आपके गांव को पक्की सड़क देने का वादा करते हैं। मौके पर झारखण्ड पार्टी के महासचिव बाबूराम लकड़ा, आशीष सिंह, सचिन साहू के अलावे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सदन में उठाया बिजली, पानी व सड़क का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखण्ड विधानसभा के सदन पर शुन्यकाल में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने ठेठईटांगर से बोलबा केरसई होते हुए किनकेल सिमडेगा तक कुरडेग पथ में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य खत्म हुए पांच वर्ष बीतने के बाद भी रैयतों को मुआवजा नहीं मिलने का आवाज उठाया है इसके अलावा सिमडेगा कॉलेज रोड से रेंगारिह केरसई पथ में रैयतों को उनके भूमि का मुआवजा निर्धारण में त्रुटियों के साथ अनेकों विशंगतियो के कारण मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है।उन्होंने सदन में कहा विशंगतियो को दूर करते हुए मुआवजा का भुगतान किया जाए।वही विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार जानना चाहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अघरमा एवं बोलबा में वृहद जल नल



योजना पर कार्य किया गया। किन्तु उक्त वृहद जल नल से घर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।और ये बन्द है।और तो और बहुत से घरों में तो पानी का नल पहुंचा ही नहीं है जो अति दुर्भाग्य पूर्ण है। विधायक ने बोलबा ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण जिला में बेगैर सोचे समझे बिजली उपभोक्ताओं के उपर बिजली चोरी का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया जा रहा है। जबकि उपभोक्ता द्वारा बिजली का भुगतान किया जा रहा है। फिर भी उन्हें परेशान और केश कर दिया जाता है।उसी कड़ी में है बोलवा प्रखंड के हैं हरेंद्र प्रसाद। बिजली का भुगतान करने के बावजूद भी केश दर्ज करा दिया गया है।आज

**विधायक ने कहा, बोलबा ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में बिजली उपभोक्ता पर चोरी का आरोप लगा केस दर्ज करा दिया जा रहा है**

वो व्यक्ति परेशान हैं जबकि वो व्यक्ति पैसे का भुगतान कर चूका है।ये एक उदाहरण है , बल्कि गलती विभाग का है परन्तु बिना कसूर का लोगों पर केश दर्ज करा दी गई है। इसलिए हरेंद्र कुमार को जो परेशानी है बिजली का उसके कनेक्शन को जोड़ते हुए भुक्तभोगी को राहत प्रदान की जाए। साथ ही साथ सरकार से मांग किया कि सिमडेगा जिला में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को भयादोहन किया जाता है गलत बिजली बिल भेज कर एफ आई आर दर्ज करा दिया जाता है। उसे बन्द किया जाए।और सरकार उसपर अंकुश लगाए।

### मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्कूल किट का वितरण

## बच्चे समय पर विद्यालय आएं और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें : अब्बास



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में बच्चों के बीच स्कुली कीट का वितरण किया गया। कक्षा एक से लेकर आठवीं कक्षा तक के कुल 455 बच्चों के बीच पेन, पेंसिल,रबर,कटर, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण करते हुए स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि शिक्षा के प्रति सरकार हर जरूरी सामग्री उपलब्ध करा रही है। ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बच्चों से समय से स्कूल आने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य हासिल करने के गुर भी सिखाए। वितरण समारोह में प्रधानाध्यापक महेश चौधरी, शिक्षक कोलेश्वर महतो, अशोक विश्वकर्मा, सुखदेव साव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर, विजय मोदी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने विस में उठाया जंगली हाथियों का मामला

# सरकार ग्रामीणों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाये

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शनिवार को विधानसभा के सदन में गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से सरकार से कहा कि सिमडेगा जिला के अनेकों प्रखण्ड के साथ साथ कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में हाथी का प्रकोप बहुत अधिक है। आय दिन हाथी एवं मानव के बीच खाने को लेकर टकराव होते रहता है। मानव में जान माल का खतरा सदैव बना रहता है। लोग हाथी से बचने के लिए रतजग्गा करते हैं। नतीजा लोगों में बीमारी का खतरा भी बना रहता है। जिससे लोगों के कार्य क्षमता में निरंतर कमी आ रही है तो क्या सरकार हाथी से बचाव के लिए स्थायी समाधान करने की घोषणा करती है। सरकार इसे बचने के लिए कोई ठोस कदम उठाये। विधायक कोलेबिरा के गैर



सरकारी संकल्प के जवाब में विभाग द्वारा बताया गया है कि हाथी और मानव टकराव से बचने के लिए वन विभाग द्वारा अनेकों कार्य किए गए हैं। जैसे 2022-23 में 1022 हेक्टेयर वन भूमि पर 788580 पौधारोपन किया गया है। जिसमें 50 हेक्टेयर में बांस का पौधरोपण किया गया। उसी प्रकार 2021-22 में भी पौधारोपण कार्य हुआ है साथ ही साथ पानी की व्यवस्था चेकडैम बनाकर किया गया है। विभाग अपने बचने के लिए सीधा सीधा निरीह ग्रामीणों पर ये लगा दिया कि मानव और हाथी के टकराव का मूल कारण महुआ, हाड़ी दारू को लेकर है। जो बेबुनियाद और बेतुका लगता है। विभाग कहती हैं कि वनकर्मियों के द्वारा ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया गया है, उनके बीच हाई पावर का टॉर्च,पटाखा, मोबिल जूट आदि का वितरण किया जाता है। जबकि ग्रामीणों को हल्का फुल्का मोबिल और जूट देकर अपना पीठ थपथपा ले रही है। विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने सरकार और विभाग से मांग किया है कि अगर उक्त जंगल क्षेत्र में पौधारोपण, चेकडैम आदि कार्य को सम्पादित किया गया है। तो इसकी अध्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि कहां कहां चेकडैम और पौधारोपण किया गया है और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है।

## प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 66324 विद्यार्थियों का हुआ पंजीकरण

**रामगढ़।** प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की वित्तीय वर्ष 2023- 24 में अब तक कुल 66324 विद्यार्थियों के द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण कराया गया है। जिसके उपरांत जिला स्तरीय समिति द्वारा पूर्व में 37446 विद्यार्थियों को अनुमोदन दिया जा चुका है वहीं वर्तमान में कल 28878 विद्यार्थियों को जिला स्तरीय समिति द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत अनुमोदन दिया जाना है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा के उपरांत प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 10% विद्यार्थियों का सत्यापन सुनिश्चित करने के उपरांत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लाभ से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों एवं स्थानीय मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/फार्मूलेटेड फीड/फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में गढ़वा जिले के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं जलाशय तथा नदी छाड़न में भारतीय मेजर कार्प (रोहू, कतला, मृगल) के मत्स्य स्पॉन, मास फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट वितरण किया जाना है। अतः मत्स्य स्पॉन/फार्मूलेटेड फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांक 09.03.2024 को पू0 10:30 बजे से 1:30 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आमंत्रित किये जाते हैं। तकनीकी रुप से योग्य पाये जाने वाले निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी एवं उस पर विचार किया जायेगा। अन्यथा उनकी निविदा को अयोग्य करार दिया जायेगा।

निविदा जमा करने का सीन – जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 09.03.2024, पू0 10:30 बजे से अप0 1:30 बजे तक।
निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 09.03.2024 को अप0 3:00 बजे।
निविदा खुलने का स्थान – उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय, कक्ष।

नोट :–मत्स्य स्पॉन, मास फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट की निविदा से सबंधित विवरणी www.Garhwa.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR.NO.321168 Fish(23-24):D


### अनिकेत कुमार को न्याय दिलाने के लिए समिति करेगी जोरदार आंदोलन

**रामगढ़।** पिछले दिनों रामगढ़ थाना के हाजत में मिलोनी क्लब निवासी मनोज राम का पुत्र अनिकेत कुमार की मौत हो गई थी। इसे लेकर काफी बबाल मचा था। इस कड़ी में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विधायक सुनिता चौधरी सहित अन्य कई नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ मनोज राम से मिले। इस दौरान नेताओं ने मृतक के परिजनों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि मृतक के पिता मनोज राम ने जिला प्रशासन को पिछले दिनों एक मांग पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने परिवार को मुआवजा के रूप में 15 लाख रुपए, आवास योजना के तहत आवास, अनुबंधित नौकरी एवं गरीबी राशन कार्ड आदि देने की मांग की है। इधर, शुक्रवार को ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ मनोज राम से मुलाकात की। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मनोज राम की ओर से सौंपे गए मांग पत्र पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें। अन्यथा विवश होकर उग्र आंदोलन करने की बात कही।

### चुनाव में सबकी भागदारी सुनिश्चित करने को ले उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

# मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार महत्वपूर्ण : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में आमजनों की चुनावी भागीदारी बढ़ाने में मिडिया की महत्तवपूर्ण भूमिका। यह बातें उपायुक्त ने सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से कही। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मीडिया के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार से इसके सकारात्मक परिणाम देखे जा सकते है। उन्होंने कहा प्रायः यह देखा गया है कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण वे मतदान करने नहीं जाते हैं, उपायुक्त ने बताया की इसके लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को घर-घर भेजकर सभी मतदाताओं के पास पहचान पत्र उपलब्ध है या नहीं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा जिनके पास




इपिक कार्ड उपलब्ध नहीं उनका नया रिप्लेसमेंट एपिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया अब भी जारी है। 4 मार्च प्रातः 10 बजे से सोशल मीडिया में हैस्टैग अभियान का होगा आयोजन। उक्त अभियान के तहत जिले के प्रत्येक मतदाता से यह अपील है कि वह अपना नाम मतदान केंद्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन या वोटर्स के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लेंगे कि उनका नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, अथवा कोई त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि के लिए आवेदन संबंधित बीएलओ अभियान दिवस को अपने मतदान केंद्र पर प्रपत्र 6,7 एवं 8 के साथ उपस्थित होंगे।

### गोला में सड़क दुर्घटना में छात्रा एवं दो युवक गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़/ गोला।** गोला मुरी मुख्य मार्ग पर पूरबडीह मस्जिद के पास एलपी ट्रक व बाइक की टक्कर में छात्रा सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बूलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रेफर कर दिया गया। गोला निवासी यीशु नायक व केनके गांव की निधि कुमारी व लकी नायक एक बाइक पर सवार होकर तीनों डीमरा की ओर जा रहे थे। इस क्रम गोला की ओर से जा रहे एलपी ट्रक नंबर जेएच12जे-2008 ने बाइक को धक्का मार दिया। जिससे तीनों बीच सड़क में गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद गोला मुरी मुख्य मार्ग करीब एक घंटा तक जाम रहा। बताया जाता है कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं बाइक को धक्का मारने के बाद ट्रक बिजली के खंभा को टक्कर मारते हुए गड्ढा में फंस गया। सीएचसी के डॉक्टरों ने यीशु नायक व निधि कुमारी को रिम्स और लकी नायक को सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-16/2023-24**

पत्रांकः–182 दिनांक :–01.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि– | 09.03.2024 के अपराहृन 1.00 (एक) बजेतक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 11.03.2024 के अपराहृन 3.00 (तीन) बजेतक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.03.2024 के अपराहृन 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवनप्रमंडल, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01, चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदाप्राप्तिकास्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01,चतरा का कार्यालय । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्यकानाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाणविपत्र कामूल्य | कार्यसमप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R Painting work of Flag Post, Gabion at Court Building,Collectorate Building & Other Govt. Office Buildings for the for the Year- 2023-24 | 249350.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 2. | E/R to Painting work of Boundary wall, Gate & Main Festival Venue at Jwaharlal Nehru For the Year- 2023-24 | 249450.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3. | E/R to Toilet at Fisrt Floor of VikashBhawanChatra for the year 2023-24 | 249350.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4. | Detailed Estimate for Repair of A.C. Chamber Chatra For the Year 2023-24 | 249600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5. | E/R to Confidintial Office of SP Chatra for the Year-2023-24 | 249370.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 6. | Detailed Estimate for Construction of Water Sump of Judge QtrChatra For the Year 2023-24 | 249400.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 321159 Building(23-24)D


### जेएम कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**भुरकुंडा।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ है। झारखंड के आदिवासी समाज के विकास में समकालीन अनुसंधान पद्धति का प्रभाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने किया। टूकैन रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेंगलुरू के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी के प्रथम सत्र में बतौर मुख्य वक्ता डॉ सिद्धेश्वर काश्यप ने कहा कि आज भी आदिवासी समाज का दोहन जारी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं मुख्य अतिथि कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आज जनजाजीय समाज कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है, जबकि यह समाज आज भी कुरीतियों से दूर है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दहेज का विरोध है, जो आरंभ से इनकी परंपरा रही है।

### आईसेक्ट विवि में प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने की बैठक, कहा

# आईसेक्ट विवि सफल इंसान बनाने में मददगार साबित होगा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं एवं मटवारी स्थित सिटी ऑफिस सभागार में कार्यरत कर्मियों के साथ विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने अलग अलग औपचारिक बैठक की और वर्तमान के विश्वविद्यालय गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय में हर दिन सीखने की चाहत, सफल इंसान बनने में मददगार साबित होगा। साथ ही विद्यार्थी हित में कर्मियों से कई



महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए। इससे पूर्व प्रो चांसलर के आगमन पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बुके देकर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हर काम को करते वक्त सीखने की चाहत जागृत रहनी चाहिए, इससे ना केवल कार्य बेहतर होते हैं बल्कि हममें परिपक्वता भी आती है। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरूआती दिनों से ही विद्यार्थी हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि महज 8 वर्षों के दरम्यान ही नेशनल एजुकेशन अवार्ड, सीएसआर युनिवसीर्टी ऑफ इंडिया अवार्ड, एसोचैम एजुकेशन एक्सिलेंस सम्मिट कम अवार्ड, झारखंड का गौरव अवार्ड, झारखंड की शान अवार्ड, वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट अवार्ड सहित कई नेशनल के साथ साथ इंटरनेशनल अवार्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों के साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी।


**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR**

**Request for Proposal/E-Procurement Notice**

**REQUEST FOR PROPOSAL NO.UDD/NPSBN/19/2023-24** **Date: 29.02.2024**

Request for Proposal are invited on behalf of **SHRI BANSHIDHAR NAGAR, NAGAR PANCHAYAT (NPSBN),** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Ramgarh Town and Ramgarh Cantonment Board in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 950.65 & 6064.07 | 9.50 | 25000.00 | 16 Month Construction & 20 Yrs O&M |
| 2 | Publication of Tender on Website | 07.03.2024 | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 14.03.2024 | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 15.03.2024 | | | |
| 5 | Last Date/Time for Receipt of bid Online | 28.03.2024 By 3:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 30.03.2024 By 4:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Administrator, NP. Shri Banshidhar Nagar | | | |
| 8 | Mobile Number | 8969293393 | | | |
| 9 | E-mail | npsbnagar@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | | |

Only e-tenders are acceptable.Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Constractor should be registered in appropriate class as per NIT.
3. Estimated cost/ Quantity may vary.

**Administrator,**
**NP. S.B. Nagar.**

PR 321289 Urban Development(23-24)#D

## वन्य-जीव

# विलुप्त होने से पहले इन्हें बचा लो!


आयुषी दवे

**जब** हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ जैसे शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता, भालू जैसे बड़े जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्य ने पालतू न बनाया गया हो। वन्यजीवों में न केवल जानवर बल्कि वह सभी पेड़-पौधे, कीड़े-मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते हैं जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्य के दखल के रहते हैं। वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाये जाते हैं। ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं, क्योंकि पृथ्वी में पाये जाने वाले हर पारितंत्र यानी इको सिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घास भूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है। पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रिया को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इनका संरक्षण बेहद अहम हो जाता है। इस दिशा में विश्व के बहुत सारे सरकारी, गैर-सरकारी संगठन निरंतर प्रयासरत हैं। यह संगठन अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं। ऐसे ही बड़े प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को 68वें सेशन में हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। तीन मार्च की तिथि को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि तीन मार्च, 1973 में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ नेचर के 80 सदस्यों ने सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच अहम अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। इस साल इसका विषय है 'लोगों और ग्रह को जोड़नाः वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज'। विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किये गये। समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किये गये। वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्य से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियां कम होंगी तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं न कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं। इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है।

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं शोध की है जरूरत


हृदयनारायण दीक्षित

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, ''भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।'' अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, ''भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था। एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका



चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं। आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, ''यहां बताये गये स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।'' फिर रोगों का कारण बताते हैं, ''इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।'' रोगों से बचने के लिए जीवनशैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, ''कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।'' कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, ''रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।' आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड इफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यूं भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतरराष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान-प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है।

> **स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है।**

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है


ललित गर्ग

**अधिकतम** वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गये मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जायेगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाय, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाय। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है।**

## आर्थिक

# दुनिया जीडीपी से हटकर अब मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर


किशन भावनानी

**राष्ट्रीय** सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 29 फरवरी 2024 को जारी आंकड़ों के मुताबिक अपने पहले अग्रिम पूर्वानुमान में, वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है, जिसका अर्थ होगा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखेगा। दिसंबर तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़ा उछाल देखा गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की जीडीपी दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत बढ़ी। पीटीआई ने सरकारी आंकड़ों का हवाला दिया। भारत की जीडीपी में आया यह उछाल उम्मीद से कहींअधिक है। 17 अर्थशास्त्रियों के मिंट पोल के अनुसार, एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था दिसंबर तक तीन महीनों के दौरान 6.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी, जो पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही की 7.6 प्रतिशत गति से धीमी थी। नवीनतम तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि वित्त वर्ष 23 की इसी अवधि में दर्ज 4.4 प्रतिशत से एक बड़ा कदम है। साथियों हम अगर इसके पहले देखे तो वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के दौरान करीब करीब हर देश के स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, विज्ञान सहित अनेक तकनीकें भी पीड़ितों और मृतकों की संख्या कम नहीं कर पाई। याने सभी तथाकथित सुदृढ़ संसाधन इस महामारी के सामने पंगु नजर आये। परंतु इसमें हमने एक बात नोट किये कि लगभग सभी देशों नें मिलकर दवाइयां, मेडिकल, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, खाद्य सहित अनेक क्षेत्रों की सहायता कुछल कल्याणकारी मानवीय चैन बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, एक दूसरे की मदद कर रहे थे। भारत में भी करीब 150 देशों को वैक्सीन की आपूर्ति की तो भारत को भी भारी विपत्ति के समय विकसित और विकासशील देशों द्वारा मेडिकल इंस्ट्रूमेंट की मदद की गई थी। यह बात हम आज इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत में 9-10 सितंबर जी-20 शिखर सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम हुआ। इसके पहले 5-7 सितंबर 2023 को आसियान शिखर सम्मेलन, 9 वा रायसीना डायलॉग 21-24 फरवरी 2024 इसके पहले जी-10, शंघाई इत्यादि शिखर सम्मेलनों सहित अनेक वैश्विक शिखर सम्मेलनों में एक बात उभर कर आई है कि मानवीय मूल्यों पर अधिक महत्व दिया जा रहा है। चूंकि भारत आदि अनादि काल से मानवीय मूल्यों की तरफदारी करता रहा है, अब इसमें चार कदम आगे बढ़कर जी-20 शिखर सम्मेलन को वसुधैव कुटुम्बकम यानें पूरा विश्व एक परिवार है की थीम बनाकर अब जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का काम जोरों पर किया जा रहा है। इसपर पूरी दुनियां को साझा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, जिससे वैश्विक मानव निर्मित व प्राकृतिक विपरीताओं से निपटने के लिए मजबूत मानव श्रृंखला उपाय की सटीकता को रेखांकित किया जाना चाहिए। चूंकि अब पूरी दुनियां का अब वसुधैव कुटुम्बकम पर ध्यान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मंचों रूपी प्लेटफार्मस से सशक्त कल्याणकारी मानवीय श्रृंखला बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम भारत की आदि अनादि काल से सोच और जलवायु परिवर्तन के संबंध में दृष्टिकोण की करें तो, वसुधैव कुटुम्बकम, हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

# बिहारी क्रिकेटर कब करेंगे टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व ?


आके सिन्हा

**मौजूदा** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी आकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट करके सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जायेंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं क मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी। खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती। इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलते हैं। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्रर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा हरि गिडवाणी भी दिल्ली के बाद बिहार चले गये थे। उन्होंने लंबे समय तक बिहार की नुमाइंदगी की। यह दोनों क्लासिक बल्लेबाज थे। हरि गिडवाणी की पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मिठाई की एक बहुत मशहूर दुकान भी है। बिहार को क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी खेलों में अपने जौहर दिखाने होंगे। बिहार सरकार को भी राज्य में खेलों के विकास के लिए इनवेस्ट करना होगा। सारे बिहार के समाज को सोचना होगा कि वे खेलों के संसार में किसी मुकाम पर क्यों नहीं पहुंच सके? आपको सारे बिहार में हॉकी के एक-दो एस्ट्रो टर्फ से ज्यादा हॉकी मैदान नहीं मिलेंगे। राष्ट्रीय नायक दादा ध्यान चंद के देश में इस तरह के राज्य भी हैं जहां पर एस्ट्रो टर्फ के मैदान न के बराबर ही हैं। सारे बिहार में दो-तीन भी स्वीमिंग पूल मिल जाएं तो बड़ी बात होगी। हां, सेना और अर्ध सैनिक बलों के कुछ स्वीमिंग पूल जरूर हैं। पर वे तो सबके लिए नहीं होते। अब बताएं कि बिहार से कैसे खिलाड़ी निकलेंगे। उन्हें न्यूनतम सुविधाएं तो मिलनी ही चाहिए। बिहार में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने को लेकर कोई बात भी नहीं होती। बिहार को अपने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से ही कुछ प्रेरणा ले लेनी चाहिए। अब योगी सरकार के कालखंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी क्रिकेट और अन्य खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने लगे हैं। वहां खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर उचित ध्यान दिया जा रहा है। सफल खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ अच्छे तरीके से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। पिछले एशियाई में भाग लेने वाली भारत की टोली में उत्तर प्रदेश से 36 खिलाड़ी थे। एशियाई खेलों में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेशों के बाद सभी राज्य के खेलों से जुड़ी एसोसिएशन और कोच कसकर मेहनत करने लगे हैं। राज्य सरकार खेलों को गति देने को लेकर कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इस तथ्य से लग सकता है कि अब गांवों के स्कूलों में भी कोचिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। जिन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में पदक जीते थे, उनकी झोलियां भर गईं हैं इनामों से। बिहार ज्ञान का प्रदेश है। बिहारी सारे देश में अपने ज्ञान से सबको प्रभावित करते हैं। बिहार में पढ़ने-लिखने की बहुत समृद्ध परंपरा है। पर इतना ही काफी नहीं है। बिहार को खेलों में भी लंबी छलांग लगानी होगी। इसके लिए बिहार सरकार और बिहार के समाज को साथ एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। **(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

> **बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं कमुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पूर्व मंत्री ने बीडीओ को लिखा पत्र, उठाई आवाज

**भवनाथपुर।** पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम को पत्र लिखकर दो असहाय महिलाओं को अबुआ आवास देने का आग्रह किया है। दिये आवेदन में कहा गया है कि पंडरिया पंचायत के सरैया निवासी सह वाड नम्बर 9 की वार्ड सदस्य राजकुमारी देवी तथा कंचन कुंवर हर दृष्टिकोण से आवास योजना की पात्रता रखती हैं। उनका नाम भी सूची में आया था, किंतु तीसरी सूची से उनका नाम विलोपित कर दिया गया। वार्ड सदस्य गीता देवी ने भी सत्यापन में महिलाओं को पात्र पाया है।

### वित्त रहित शिक्षक एवं कर्मचारी हड़ताल पर

**खरौंधी।** वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर हाई स्कूल खरौंधी के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी शनिवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। विद्यालय के सभी शिक्षक समय पर विद्यालय जरूर आए,लेकिन किसी ने विद्यालय में शिक्षण कार्य नहीं किया। वहीं सभी शिक्षकों के सामूहिक हड़ताल पर चले जाने से विद्यालय का पठन-पाठन प्रभावित रहा। शनिवार को नियमित सभी छात्र विद्यालय आए, लेकिन विद्यालय में ताला बंद रहने तथा शिक्षण कार्य नहीं होने से निराश होकर सभी छात्र वापस चले गए। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने बताया कि संघ के आह्वाहन पर विद्यालय के सभी शिक्षक एक दिवसीय हड़ताल पर है। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बिहार की तर्ज पर सभी वित्तरहित विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षा कर्मी का दर्जा दे। साथ ही अनुदान की राशि में 75 प्रतिशत की वृद्धि कर जल्द भुगतान करे। यथाशीघ्र अनुदान पत्र भरने का पोर्टल खोलते हुए अनुदान पत्र भरवाना सुनिश्चित किया जाये। मौके पर शिक्षक उदय प्रताप, चंपा जायसवाल, सुदामा साह, हीरालाल चद्रवंशी, चंद्रदेव प्रजापति, जितेंद्र कुमार, उदित साह मौजूद रहे।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, जावा महुआ किया नष्ट


**चिनिया।** थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला कर अवैध रूप से बालू ढूलाई कर रहे एक महिंद्रा ट्रैक्टर को जहां जब्त किया गया। वहीं आधा दर्जन घरों में छापेमारी कर जावा महुआ नष्ट किया गया। जब्त ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के बिलैतीखैर गांव निवासी प्रबल यादव का बताया जा रहा है। कार्रवाई से अवैध बालू का धंधा करने वाले तथा अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा है। इस अभियान में एएसआई सुखराम उरांव शामिल थे।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस सख्त

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान थाना क्षेत्र के जंगीपुर और बंशीधर रोड के दक्षिण मुहल्ला में चलाया गया। इस दौरान 150 किलो जावा महुआ बरामद करते हुए नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बनाने वालों पर पुलिस कारवाई करेगी। छापेमारी अभियान में पुलिस पदाधिकारी रवि केसरी, रौशन तिग्गा, संजय पासवान, शशिकांत शुक्ला, थाना के मुंशी कौशल कुमार शामिल थे।

### इन योजनाओं से बदल जायेगी गढ़वा शहर की तस्वीर, नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मुराद होगी पूरी

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज देंगे गढ़वा को पांच बड़ी सौगातें







अत्याधुनिक सर्व सुविधायुक्त चार मंजिला इस भवन में सेंट्रल विंग के अलावा लेफ्ट विंग, राइट विंग एवं अपर का निर्माण किया गया है। इसमें कुल 15 प्रवेश द्वार, पांच सीढ़ियां एवं चार लिफ्ट भी लगा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को गढ़वा में 93 करोड रुपए की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल एवं फुटबॉल स्टेडियम शामिल है। उद्घाटन समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा शहर की तस्वीर पूरी तरह से बदल जायेगी। इससे नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मुराद भी पूरी हुई है।

**नया समाहरणालय भवन :** गढ़वा। कल्याणपुर में नया समाहरणालय भवन का निर्माण 60 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। अत्याधुनिक सर्व सुविधायुक्त चार मंजिला इस भवन में सेंट्रल विंग के अलावा लेफ्ट विंग, राइट विंग एवं अपर का निर्माण किया गया है। इसमें कुल 15 प्रवेश द्वार, पांच सीढ़ियां एवं चार लिफ्ट भी लगा है। जबकि दिव्यांग जनों के लिए मेन पोर्टिको के समीप आरामदेह रैंप का भी निर्माण किया गया है। समाहरणालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। सभी तल्ले में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग जनों के लिए प्रसाधन की अलग-अलग बेहतर व्यवस्था है। इसमें ग्राउंड फ्लोर में 42484, फर्स्ट फ्लोर में 39465, सेकेंड फ्लोर में 33392 तथा थर्ड फ्लोर में 27400 स्क्वायर फीट कारपेट एरिया है। इसमें कॉन्फ्रेंस हॉल, नियंत्रण कक्ष, वेटिंग एरिया की भी व्यवस्था है। लगभग 9 एकड़ भूमि में निर्मित इस समाहरणालय परिसर में आमजनों के लिए दो एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग तथा पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए प्रत्येक भवन के बगल में अलग से पार्किंग का निर्माण किया गया है। दो पुलिस बैरक, कैंटीन, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, पंप रूम, 500 केवीए का ट्रांसफार्मर, 200 केवीए का जनरेटर, फायर फाइटिंग, डाटा नेटवर्किंग, सर्विलांस सिस्टम तथा पावरफुल तड़ित चालक लगाया गया है। यह तड़ित चालक आधा किलोमीटर क्षेत्र तक काम करेगा। साथ ही परिसर में 113 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। सर्व सुविधा संपन्न इस समाहरणालय में जिले के सभी सरकारी कार्यालय शिफ्ट होंगे।

**स्टेडियम :** जिला मुख्यालय स्थित सदर हॉस्पिटल के सामने कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इस फुटबॉल स्टेडियम में दो गैलरी भवन, एक पवेलियन भवन दो तल्ला का निर्माण किया गया है। गैलरी एक तथा गैलरी दो में आठ कमरा (प्लेयर्स रूम), दो महिला प्रसाधन, दो पुरुष प्रसाधन तथा दो बाथरूम का निर्माण किया गया है। पवेलियन भवन में जिम, कार्यालय, डाइनिंग हॉल, दो प्लेयर्स लॉकर रूम, एक मल्टीपरपज हॉल के साथ-साथ पवेलियन स्पेस बनाया गया है। इसमें डिप बोर, अंडरग्राउंड वॉटर टैंक एवं ऑटो एरिगेशन पंप हाउस की व्यवस्था की गई है। पूरे ग्राउंड में बेहतर घास का कार्य किया गया है। इसमें पॉप अप एरिगेशन सिस्टम लगाया गया है। इस स्टेडियम ग्राउंड की लंबाई 168 मीटर तथा चौड़ाई 105 मीटर है। जबकि रात्रि में मैच आयोजित करने के लिए आठ स्थानों पर 96 लाइट लगाए गए हैं। पूरे मैदान को 10 मीटर ऊंची एमएस तार जाली से घेरा गया है। इसमें खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए आठ एंट्री गेट बनाया गया है। यह स्टेडियम बहुत ही आकर्षक एवं बेहतर है। इसमें खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए सभी सुविधाएं मौजूद हैं। इसके निर्माण से गढ़वा जिले की अलग पहचान बनी है। **बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क**

फोटो : बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क

गढ़वा। जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय भवन के ठीक सामने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण किया गया है। लगभग छह एकड़ एरिया में 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस पार्क में हेलीपैड के साथ-साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की सात फीट ऊंची आदम कद प्रतिमा स्थापित की गई है। इस पार्क में बेहतरीन फूल, पौधे, घास, टहलने, बैठने, बच्चों को खेलने, छोटा-मोटा कार्यक्रम करने, शौचालय आदि की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हैं। पार्क में जॉगिंग के लिए किनारे किनारे रबर मैट लगाया गया है। इसमें ओपन जिम, योगा शेड, प्ले इक्विपमेंट, कैफेटेरिया, दो अलग-अलग सेल्फी प्वाइंट, दो पहिया व चार पहिया वाहनों की अलग-अलग पार्किंग, ड्रिंकिंग वाटर शेड, टॉयलेट ब्लॉक, ओपन एयर थिएटर, निकास एवं प्रवेश द्वार, सर्व सुविधायुक्त भव्य एवं आकर्षक रिसेप्शन बिल्डिंग, फूल पौधों की सिंचाई की अत्यधिक व्यवस्था, ड्रेनेज, अंडरग्राउंड वॉटर टैंक, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, फाउंटेन, हेलीपैड, बेंच एवं डस्टबिन आदि की बेहतर व्यवस्था है। इस पार्क की खूबसूरती एवं इसमें उपलब्ध संसाधन गढ़वा की सुंदरता एवं विकास में चार चांद लगा रहे हैं।

### अंतरराज्यीय बस स्टैंड गढ़वा




गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा में नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण चार करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। यह बस स्टैंड अत्याधुनिक, सर्व सुविधा संपन्न है। इसमें यात्रियों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। बस स्टैंड में एक प्रवेश एवं एक निकास द्वार है। इसमें मुख्य भवन सहित सात टिकट काउंटर, एक इंक्वारी कार्यालय का निर्माण किया गया है। इस परिसर में 48 दुकानों का भी निर्माण किया गया है। इनमें 10 दुकान मुख्य भवन में स्थित है। महिला एवं पुरुष के लिए बेहतर शौचालय का निर्माण किया गया है। इसमें एक साथ 20 बसों की पार्किंग की सुविधा है। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की अलग व्यवस्था है। मुख्य भवन के प्रथम तल पर महिला डॉरमेट्री, पुरुष डॉरमेट्री, कार्यालय, रसोई, रेस्टोरेंट, महिला एवं पुरुष प्रधान का निर्माण किया गया है। डॉरमेट्री में यात्री काफी न्यूनतम शुल्क में विश्राम कर सकते हैं। साथ ही बस स्टैंड परिसर में एक पुलिस पिकेट का भी निर्माण किया गया है। ज्ञात हो कि गढ़वा बस स्टैंड से झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों सहित न्यू दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध है। गढ़वा का यह बस स्टैंड काफी लंबे अरसे से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ था। अब यह राज्य का सबसे बेहतर बस स्टैंड बन चुका है। यह गढ़वा जिला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल)



**गढ़वा।** जिला मख्यालय में चिनियां मोड़ के समीप स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का निर्माण सात करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। यह टाउन हॉल पूरी तरह से अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधासंपन्न है। टाउन हॉल की लंबाई 24.95 मीटर तथा चौड़ाई 22 मीटर है। यह पुरी तरह से वातानुकूलित हॉल है। इसके ग्राउंड फ्लोर में कैफेटेरिया, प्रबंधक कक्ष, कार्यालय कक्ष, किचेन रूम, प्री फंक्शन एरिया, मल्टीपरपज हॉल, मेल ग्रीन रूम, फीमेल ग्रीन रूम के साथ-साथ महिला, पुरुष एवं दिव्यांग जनों के लिए अलग-अलग प्रसाधन उपलब्ध है। जबकि फर्स्ट फ्लोर में कॉन्फ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी, जिम्नेशियम रूम, चेंजिंग रूम के साथ-साथ महिला, पुरुष एवं दिव्यांगों के लिए अलग-अलग प्रधान का निर्माण किया गया है। सेकेंड फ्लोर में एक मेल डॉरमेट्री, एक फीमेल डॉरमेट्री, तीन गेस्ट रूम तथा किचेन रूम का निर्माण किया गया है। टाउन हॉल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही सिक्योरिटी रूम एवं पैनल रूम का भी निर्माण किया गया है। इसमें कार्यक्रम आयोजित करने सहित ठहरने का भी बेहतर प्रबंध है।

## कलशयात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ शुरू





**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के पाचाडूमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित रूद्र महायज्ञ का शनिवार को कलश यात्रा के साथ आगाज किया गया। प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, समाजसेवी पंकज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ जय घोष करते हुए सोन नदी के तट पर पहुंचे। वाराणसी से आये विद्वानों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के कलश में जल भरवाया गया। कलश के साथ गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश स्थापित किया गया। रूद्र महायज्ञ वाराणसी के संत श्रीश्री 1008 महंत रामेश्वर दास के सानिध्य में आठ मार्च तक चलेगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष गुडन पासवान ने बताया कि प्रतिदिन शाम में प्रवचन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। इस अवसर पर संतोष कमलापुरी, नंदू प्रसाद, सुरेन्द्र, राजनाथ महतो, राहुल कुमार, शशि प्रसाद मौजूद थे।

### डीडीसी के निर्देश पर बीडीओ व बीपीएम ने की पहल, मजदूरों को आस

# मजदुरी भुगतान के लिए जिला कार्यालय भेजा गया एफटीओ, विभाग रेस

**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** दैनिक अखबार 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में 2 मार्च के अंक में प्रकाशित खबर 'मनरेगा मजदूरों की तीन माह से नहीं मिली मजदूरी' शीर्षक से प्रकाशित खबर पर उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्र ने संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी और प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक जयसवाल को मजदुरों की लंबित मजदुरी भुगतान का एफटीओ जिला कार्यालय में भेजने का निर्देश दिया। प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक जायसवाल ने बताया कि प्रखंड कार्यालय द्वारा अप्रैल 2023 सहित दिसम्बर, जनवरी और फरवरी माह का मजदूरी भुगतान का एफटीओ शनिवार को जिला कार्यालय भेज दिया गया है। विदित हो कि 439 मनरेगा मजदूरों का अप्रैल 2023 का मजदुरी लगभग आठ लाख रुपए और दिसंबर,जनवरी और फरवरी माह का 98 लाख 63 हजार रुपए मजदूरी बकाया है। मजदूरी भुगतान नहीं होने से मजदूरों का घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार मनरेगा मजदूरों को गांव में रोजगार उपलब्ध कर बाहरी राज्यों में पलायन करने से रोकने का प्रयास कर रही है। लेकिन इधर तीन माह से मजदुरी भुगतान नहीं होने से मजदूरों का मोह भंग होने लगा है। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए मजदूरों को बाहरी राज्यों में पलायन करना उनकी विवशता बन गया है। जिला कार्यालय में एफटीओ भेजने के कितने दिन बाद मजदूरों की मजदूरी का भुगतान हो पायेगा। सबकी नजर इस पर टिकी है।


दिसम्बर, जनवरी और फरवरी माह का मजदूरी लंबित, पलायन को विवश

मनरेगा मजदूरों को तीन माह से नहीं मिली मजदूरी

98 लाख 63 हजार रुपये बकाया

मजदूर अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं

पशुपति नाथ मिश्र, उप विकास आयुक्त गढ़वा।

## न्यूज गैलरी

### नावाडीह में जलमीनार खराब, पेयजल संकट

**केतार।** स्थानीय पंचायत स्थित नावाडीह गांव के बैगा टोला में सुरेश सिंह के घर के पास पंद्रहवें वित्त की राशि से लगा जलमीनार पिछले दो माह से खराब पड़ा है। जिस कारण उक्त टोला के ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण राजमणि देवी, चिंता देवी,किरण देवी, राधिका देवी, कमोदा कुंवर,कबुतरी देवी ने बताया की जलमीनार खराब होने से पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। मुखिया को इसकी जानकारी एक सप्ताह पूर्व दिया गया है। इसके बाद भी अभी तक कोई पहल नहीं की गयी है। इस सम्बन्ध में मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जलमीनार खराब होने की जानकारी मिली है। एक सप्ताह के भीतर सभी खराब पड़े जलमीनार और चापाकल की मरम्मती कराई जायेगी।

### मुखिया नें किया कलवर्ट भव पाइप का शिलान्यास

रमना। सिलीदाग पंचायत अन्तर्गत पासी टोला में बरसात में लोगों को घर से मुख्य पथ आने-जाने में हो रही कठिनाई से मुखिया अनिता देवी की पहल पर निजात मिली। नारायण सोनी के घर के पास पानी का भराव अमूमन वर्षपर्यंत बना रहता है। जिस कारण इस टोला के दर्जनों घरों के ग्रामीणों को किसी विषम परिस्थिति में रात-बिरात मुख्य पथ पर आने में काफी कठिनाई होती थी। मुखिया पति द्वारा चुनाव से पूर्व ही अस्थायी भव की व्यवस्था कर लोगों को समस्या से निजात के प्रति आश्वस्त किया गया था। ग्रामीणों एवं वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में मुखिया ने 15वें वित्त मद से एक लाख 65 हजार चार सौ रुपए की लागत से बनने वाली कलवर्ट पाइप भव का शिलान्यास पूजा और नारियल फोड़ कर किया। मौके पर ग्रामीण विजय विश्वकर्मा, लखन सिंह, नारायण सोनी, श्रीराम चंद्रवंशी, छोटन पासी उपस्थित थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया संवाद, बनाई रणनीति

**गढ़वा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी ने की। मौके पर मुख्य अतिथि लड्डू खान ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में ऐतिहासिक विकास किया है। भाजपा ही अल्पसंख्यक समाज का विकास कर सकती है। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के तहत हर समुदाय के लिए काम कर रही है। भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। विकास के नाम पर मंत्री सिर्फ ढकोसला करने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम को भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी व जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला महामंत्री अंसाद बाबु , खुर्शीद आलम, हाजी गुलजार, सब्बा नवाजिश, मंतव अंसारी, शमीम अंसारी, लाल मोहम्मद, रिजवी अंसारी, मोरसलीम अंसारी मौजूद थे।

### धूमधाम से मना एआईएमआईएम का स्थापना दिवस

**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का 66 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला कार्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन केक काटकर किया गया। इस अवसर पर एआईएमआईएम पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा-रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी से लोग लगातार जुड़ रहे हैं। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में एआईएमआईएम आशातीत कामयाबी हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी है। पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार में हर मोर्चे पर आम जन की अनदेखी हो रही है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला सचिव रमजान, जिला कोषाध्यक्ष इफ्तिखार अहमद खान, अंसारी युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुख अंसारी, युवा के मेराल प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लाला भाई, मुजाहिद अंसारी मौजूद थे।

**संवेदनहीनता**

### प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला, न चिकित्सक आये और न ही नर्स

# चिकित्सक व नर्स की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में चिकित्सक और नर्सों की लापरवाही रुकने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार की देर शाम एक बार फिर चिकित्सक और नर्स की लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। बताया जाता है कि एक महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही, लेकिन उसे देखने ना तो चिकित्सक आये और ना ही नर्सों के द्वारा ही उसका समुचित इलाज किया गया। यह देख परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर ऑपरेशन कर दिया जाता तो प्रसूता की मौत नहीं होती। जानकारी के अनुसार प्रसव पीड़िता मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी राकेश पासवान की पत्नी अनिता देवी 26 वर्ष को मझिआंव से गढ़वा रेफर किया गया था। दोपहर 3:35 बजे उसे इलाज के लिए में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रसव पीड़ा से गंभीर महिला का तत्काल इलाज नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार भर्ती के बाद देर रात्रि महिला का अल्ट्रासाउंड कराया गया। पेट में ही बच्चा मरा होने की जानकारी दी गयी। उसके बाद चिकित्सक चले गए। महिला के पेट का दर्द बढ़ने लगा। उसके साथ ही पेट में सूजन की भी समस्या आने लगी, लेकिन अस्पताल के प्रसव वार्ड में तैनात नर्स परिजनों को यह समझाती रही कि सामान्य प्रसव से मृत बच्चे को बाहर निकाल लिया जाएगा। उसके बाद धीरे-धीरे महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। इसकी सूचना नर्सों ने ऑन कॉल चिकित्सक को दी। कुछ देर बाद महिला चिकित्सक डॉ. माया पांडे अस्पताल पहुंची और महिला की मौत होने की जानकारी परिजनों को दी गयी। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक और नसों की लापरवाही के कारण महिला की जान गई है। परिजनों ने बताया कि ना तो चिकित्सक के द्वारा रेफर किया गया और ना ही नर्स के द्वारा किसी तरह की गड़बड़ी की जानकारी दी गई। उन्हें यह कहकर दिलासा दिया जाता रहा कि थोड़ी देर बाद सामान्य प्रसव से मरे हुए बच्चे को बाहर निकाल दिया जाएगा और उसकी मां को बचा लिया जाएगा।

**वर्जन....**

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि महिला की इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है। महिला चिकित्सक ने अपनी निगरानी में उसका इलाज किया है। मृत महिला की इससे पहले भी दो बच्चों की मौत हो चुकी है। पहले से ही उसकी स्थिति बिगड़ गई थी। चिकित्सकों ने भरपूर प्रयास किया, किंतु उसे बचाया नहीं जा सका।

### आये दिन लापरवाही के आते रहते हैं मामले

सदर अस्पताल में चिकित्सक और नसों की लापरवाही नया नहीं है। आए दिन इस तरह की घटना होते रहती है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी के द्वारा मामले में लीपापोती कर दी जाती है। कुछ दिन पहले भी महिला घंटों इलाज के लिए तड़पती रही, लेकिन किसी भी चिकित्सक के द्वारा इलाज नहीं किया गया। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

## एक नजर

### प्रतिबंधित पीएफआई से जुड़े अब्दुल सलीम गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगाना के निजामाबाद में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े अब्दुल सलीम को गिरफ्तार किया है। सलीम पीएफआई का तेलंगाना उत्तर का सचिव है। सलीम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। उस पर यह भी आरोप है कि वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था। वह हिंसा के एक मामले में फरार चल रहा था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम था। उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है। वह इस मामले में पकड़ा जाने वाला 15वां आरोपित है।

### बृजभूषण पर पोक्सो केस बंद करने पर फैसला 23 अप्रैल तक टाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न का केस रद्द करने की दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट को स्वीकार करने या न करने पर फैसला 23 अप्रैल तक टाल दिया है। यह दूसरी बार है जब अदालत ने मामले को टाल दिया है।

### बिहार में होमगार्ड जवान के पुत्र की हत्या

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के फेनहारा थाना क्षेत्र में होमगार्ड जवान के पुत्र की अपराधियों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को खेत से शव बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, बीरता सरेह गांव निवासी दीपक सिंह को शुक्रवार शाम किसी ने फोन कर बुलाया था, लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। शनिवार सुबह में दीपक का शव एक खेत से बरामद किया गया। दीपक का शव खून से लथपथ था। शव पर जख्म के कई निशान हैं। मृतक भाड़े की गाड़ी चलाने का काम करता था। घटना की जानकारी मिलने पर पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने स्थानीय थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी।

### बंगाल पीडीएस घोटाला : ईडी अगले हफ्ते दाखिल करेगी दूसरी चार्जशीट

**कोलकाता।** ईडी 5 मार्च को कोलकाता की एक विशेष अदालत में करोड़ों रुपये के पश्चिम बंगाल पीडीएस मामले में दो नए नामों के साथ अपनी दूसरी चार्जशीट दाखिल करेगी। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने पिछले साल दिसंबर में मामले में अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था और केंद्रीय एजेंसी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और कोलकाता के व्यवसायी बकीबुर रहमान को आरोपी बनाया थाा। दोनों वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों ने कहा कि दूसरे आरोप पत्र में जो दो नए नाम शामिल किए जाएंगे, उनमें तृणमूल कांग्रेस नेता और विदेशी मुद्रा विनिमय डीलर शंकर आध्या और उनके व्यापारिक सहयोगी विश्वजीत दास के नाम शामिल होंगे। पीडीएस मामले में पहली चार्जशीट दायर होने के बाद ईडी ने दोनों लोगों को गिरफ्तार किया था।

### बंगलूरू कैफे ब्लास्ट में पुलिस ने किया चार को गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**बंगलूरू।** कर्नाटक के बंगलूरू में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट को लेकर राज्य सरकार और पुलिस एक्शन में हैं। इस मामले में शनिवार को ही चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच केंद्रीय क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। इसी टीम ने धारावाड़, हुबली और बंगलूरू से पूछताछ के लिए चार लोगों को पकड़ा है। बंगलूरू सिटी कमिश्नर बी. दयानंद ने कहा कि रामेश्वर कैफे में शुक्रवार दोपहर को हुए आईईडी ब्लास्ट की जांच तेजी से जारी है। कई टीमें इस पर जांच कर रही हैं और कुछ सबूत भी हाथ लगे हैं। गौरतलब है कि बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट में 10 लोग घायल हुए हैं।

# हिप्र के पांच जिलों में बर्फबारी, चार एनएच समेत 350 सड़कें अवरुद्ध



**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मार्च महीने का आगाज मौसम के कड़े तेवरों से हुआ है। राज्य के पांच पर्वतीय जिलों में लगातार दूसरे दिन भी बर्फ गिरने का दौर जारी है। वहीं राजधानी शिमला सहित राज्य के मैदानी हिस्सों में व्यापक वर्षा हो रही है। कई जगह अंधड़ भी चल रही है। खराब मौसम की वजह से लाहौल घाटी में हिमखंड गिरने का खतरा बढ़ गया है। ताजा बर्फबारी से जनजातीय जिलों में यातायात व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और संचार व्यवस्था प्रभावित हुई है।

चार नेशनल हाईवे समेत 350 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप है। बर्फबारी व आंधी से 1314 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। लाहौल स्पीति और कुल्लू व मनाली उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान बर्फबारी के कारण आज बंद रखे गए हैं। इस बारे में संबंधित एस.डी.एम. द्वारा आदेश जारी किए गए है। साथ में यह भी स्पष्ट किया गया है हिमाचल प्रदेश बोर्ड द्वारा ली जा रही परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही होगी।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार किन्नौर, लाहौल स्पीति, कुल्लू, चंबा और शिमला जिला में बर्फ गिर रही है। लाहौल-स्पीति जिला के केलंग में डेढ़ फुट, उदयपुर में दो फुट से अधिक जबकि त्रिलोकनाथ में ढाई फुट जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार फीट तक बर्फबारी हुई है। किन्नौर जिला के छितकुल और आसरंग में दो फुट, कल्पा व सांगला में डेढ़ फुट, हिमपात हुआ है।

चम्बा जिला में भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है इससे कई सड़क मार्ग अवरूद्ध हुए है। पांगी घाटी में एक फुट ताजा हिमपात हुआ है। कुल्लू जिला में भी ऊंची चोटियों पर हिमपात का क्रम जारी है और निचले इलाकों में बीती रात गरज के साथ बादल बरस रहे हैं। हालांकि किसान व बागवान इस बर्फबारी से काफी खुश है।

लाहौल-स्पीति जिला में 290, किन्नौर में 32, मंडी में 10 और कुल्लू में सात सड़कें बर्फबारी से बंद हैं। लाहौल-स्पीति और कुल्लू जिलों में दो-दो नेशनल हाइवे बर्फ गिरने से अवरुद्ध हैं। चंबा जिला में 337 बिजली ट्रांसफार्मर बंद पड़ गए हैं। इसके अलावा लाहौल-स्पीति में 314, मंडी में 284, किन्नौर में 218 और कुल्लू में 161 ट्रांसफार्मर ठप हैं।

### राज्य का न्यूनतम तापमान गिरा, ठंड बढ़ी

प्रदेश में हो रही बारिश-बर्फबारी से समुचा प्रदेशा कड़ाके की ठंड की जद में आ गया है। मौसम दिसंबर महीने की तरह सर्द हो गया है और मैदानी इलाकों में लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के औसतन न्यनूतम तापमान में 1.5 डिग्री की गिरावट आई है। किन्नौर के कल्पा और रिकांगपिओ में न्यूनतम तापमान क्रमशः -2.1 व -0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह लाहौल-स्पीति के केलांग में -1.7 डिग्री और शिमला जिला के नारकंडा में -1.2 डिग्री सेल्सियस रहा। शिमला में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री, सुंदरनगर में 9.5 डिग्री, भुंतर में 6.2 डिग्री, धर्मशाला में 11.1 डिग्री, उना में 11.4 डिग्री, नाहन में 11.3 डिग्री, पालमपुर में 9 डिग्री, सोलन में 9.4 डिग्री, मनाली में 0.5 डिग्री, कांगड़ा में 12.4 डिग्री, मंडी में 9.4 डिग्री, बिलासपुर में 13.1 डिग्री, चंबा में 10.4 डिग्री, डल्हौजी में 3.9 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 8.2 डिग्री, कुफरी में 3.5 डिग्री, कुकुमसेरी में 0.2 डिग्री, भरमौर में 1.9 डिग्री, सियोबाग में 4 डिग्री, पांवटा साहिब में 10 डिग्री, सराहन में 4.5 डिग्री, देहरा गोपीपुर में 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### छह मार्च तक खराब रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने आज पूरा दिन प्रदेश के उच्च पर्वतीय व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। तीन मार्च को कुछ स्थानों पर आसमानी बिजली चमकने का यलो अलर्ट रहेगा। चार व पांच मार्च को भी मौसम खराब बना रहेगा, जबकि छह मार्च को अधंड़ व बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। सात मार्च तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा।

# केंद्र ने पूर्वोत्तर को हिंसा मुक्त बनाया, 10 हजार से अधिक उग्रवादियों ने हथियार डाले : शाह



**एजेंसी। नई दिल्ली/अगरतला**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने पूर्वोत्तर राज्यों में बड़ी संख्या में समस्याओं का समाधान किया है। क्षेत्र को हिंसा और उग्रवाद मुक्त बनाया है। जबकि विभिन्न संगठनों के 10 हजार से ज्यादा उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

राष्ट्रीय राजधानी में गृह मंत्रालय, त्रिपुरा सरकार और विपक्षी टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के नेताओं के बीच त्रिपक्षीय बैठक को संबोधित करते हुए, गृह मंत्री ने कहा, "शांति बहाल करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और कल्याण में तेजी लाने के लिए पूर्वोत्तर में कई उग्रवादी संगठनों के साथ विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।"

विभिन्न उग्रवादी संगठनों और अन्य संगठनों के साथ हस्ताक्षरित समझौते में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा), बोडो, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी), दिमासा, कार्बी, आदिवासी और रियांग आदिवासी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में अंतरराज्यीय सीमा समस्याओं का भी समाधान किया गया है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर और समस्याओं के समाधान से पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास में तेजी आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण से पूर्वोत्तर क्षेत्र और त्रिपुरा का भी विकास होगा। भारत सरकार आदिवासियों और पूर्वोत्तर के लोगों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए हमेशा ईमानदार है। गृह मंत्री ने बांग्लादेश से आए लोगों को बसाने के लिए त्रिपुरा के तत्कालीन राजाओं को भी धन्यवाद दिया।

राज्य के आदिवासियों को और अधिक सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए केंद्र, त्रिपुरा सरकार और टीएमपी के बीच शनिवार को दिल्ली में त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जो त्रिपुरा की चार मिलियन आबादी का एक तिहाई हिस्सा हैं।

इस बीच टीएमपी जो संविधान के अनुच्छेद 2 और 3 के तहत आदिवासियों के लिए 'ग्रेटर टिपरालैंड' या एक अलग राज्य की मांग कर रही है, वह 28 फरवरी से राष्ट्रीय राजमार्ग-8 पर हटोई कटार (बारामुरा) पर अपना प्रदर्शन जारी रखे हुए है।

टीएमपी त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएडीसी) को और मजबूत करने, आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, आदिवासी स्वायत्त निकाय को सीधे वित्त पोषण और आदिवासियों के भूमि अधिकारों में और संशोधन की मांग कर रही है।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, जनजातीय कल्याण मंत्री विकास देबबर्मा, जनजातीय कल्याण (टीआरपी और पीटीजी) मंत्री शुक्ला चरण नोटिया, टीएमपी के वरिष्ठ नेता अनिमेष देबबर्मा, टीटीएडीसी के अध्यक्ष जगदीश देबबर्मा, टीएमपी अध्यक्ष बिजॉय कुमार ह्रांगखॉल और अन्य नेता बैठक में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात दिल्ली पहुंचे थे।

आदिवासी आधारित पार्टी आईपीएफटी, त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी है। टीएमपी सुप्रीमो और पूर्व शाही वंशज प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मन और पार्टी के अन्य नेता 28 फरवरी से दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।

देब बर्मन ने पहले दावा किया था कि उन्हें केंद्र सरकार ने उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली बुलाया है। टीएमपी प्रमुख ने मीडिया से कहा था, "हम जो मांग रहे हैं वह संविधान के अनुसार है। हम चाहते हैं कि सरकार आदिवासियों के संवैधानिक और भूमि अधिकार संबंधी मुद्दों को पूरा करे। दिल्ली में त्रिपक्षीय बैठक में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, मुख्य सचिव जेके सिन्हा और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

# राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब शाम 6 बजे तक खुला रहेगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब एक घंटा अधिक समय तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। उद्यान अब 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है। राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 31 मार्च तक जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा। लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे (अंतिम प्रवेश - शाम 5 बजे) के बीच उद्यान में जा सकते हैं। पहले यह सुबह 10 से शाम 5 बजे तक (अंतिम प्रवेश - शाम 4 बजे) खुला रहता था। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है। वॉक-इन आगंतुकों को राष्ट्रपति भवन के गेट के पास सुविधा काउंटर या स्वयं सेवा कियोस्क पर अपना पंजीकरण कराना होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने 1 फरवरी को 'उद्यान उत्सव-क2024' का उद्घाटन किया और 2 फरवरी से अमृत उद्यान को जनता के लिए खोल दिया गया। अमृत उद्यान 5 मार्च को विशेष श्रेणियों और अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा। सभी आगंतुकों की सुविधा के लिए सुबह 9.30 बजे से केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन (गेट 4) और अमृत उद्यान (गेट 35) के बीच मुफ्त शटल बस सेवा उपलब्ध है।

# लोस चुनाव : 6 को हो सकती है भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार विमर्श करने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक बुधवार, 6 मार्च को हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को होने वाली सीईसी की बैठक में गठबंधन वाले राज्यों के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हो सकती है। कई राज्यों में जहां सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अपने अंतिम दौर में है, वहीं कई राज्य ऐसे भी हैं जहां के क्षेत्रीय दल एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनना चाहते हैं और इन दलों के साथ भी भाजपा की बातचीत लगभग अंतिम दौर में है। यह बताया जा रहा है कि बुधवार की बैठक में भाजपा आंध्र प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और बिहार के साथ-साथ कई अन्य राज्यों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मंथन कर सकती है। आपको बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक 29 फरवरी को हुई थी। उस बैठक की शुरूआत 29 फरवरी को रात 10:45 बजे के लगभग हुई थी जो आधी रात के बाद तक यानी 1 मार्च को सुबह 3:15 बजे तक चली थी। पार्टी ने अपनी केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक में 150 से ज्यादा सीटों पर लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की थी। शुक्रवार रात को भी जेपी नड्डा और अमित शाह के बीच कई घंटे की मैराथन बैठक हुई थी और यह बताया जा रहा है कि भाजपा अपने लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द ही जारी कर सकती है।

# बारामती कार्यक्रम में शिंदे-फडणवीस के एक तरफ होंगे शरद पवार, तो दूसरी तरफ अजित पवार



**एजेंसी। पुणे**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस अपने गृहनगर बारामती में शनिवार को दो दिवसीय नमो महारोजगार मेला के उद्घाटन समारोह में शरद पवार और अजीत पवार की प्रतिद्वंद्वी चाचा-भतीजे की जोड़ी के बीच 'सैंडविच' बनकर बैठेंगे।

मंच पर गणमान्य व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था के अनुसार, फड़नवीस-शिंदे के बाईं ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार और दाईं ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार होंगे। शरद पवार (83) जिनका नाम मूल निमंत्रण कार्ड पर नहीं था, बाद में अपने गोविंदबाग स्थित आवास पर शिंदे और उनके मंत्रिमंडल के लिए 'चाय-पे-चर्चा' के लिए और सीएम व दोनों डिप्टी को रात्रिभोज के बाद निमंत्रित करने पर अचानक केंद्रीय मंच पर आ गए। इस 'चूक' पर सभी की भौंहें चढ़ गईं। राज्य सरकार ने चुपचाप एक मार्च को एक नया निमंत्रण कार्ड जारी किया, इसमें आज सुबह विद्या प्रतिष्ठान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के लिए शरद पवार का नाम प्रमुखता से शामिल किया गया।

हालांकि, सीएम और डिप्टी सीएम ने विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए विनम्रतापूर्वक पवार के आतिथ्य को अस्वीकार कर दिया है। रोजगार मेले के अलावा, बारामती को शनिवार को महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम का एक नया पुनर्निर्मित बस डिपो और एक नया पुलिस स्टेशन मिलेगा।

12 एकड़ के परिसर में फैले, प्रतिष्ठित विद्या प्रतिष्ठान की स्थापना 52 साल पहले शरद पवार ने की थी और वह वर्तमान अध्यक्ष हैं। समिति के अन्य सदस्यों में उनकी बेटी सुप्रिया सुले, पोते युगेंद्र एस.पवार, भतीजे अजीत पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार सहित अन्य शामिल हैं।

# किसी भी तरह की गड़बड़ी या पक्षपातपूर्ण घटना के लिए डीएम-एसपी होंगे जिम्मेदार : चुनाव आयोग




**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगा। अगर किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में कोई गड़बड़ी या पक्षपातपूर्ण की घटना पाई जाती है तो इसके जिम्मेदार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक होंगे। इन बातों का जिक्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को विधान भवन के तिलक हाल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों से आयोग संतुष्ट है।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सबसे पहले अपने तीन दिवसीय दौरे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की टीम ने दौरे के पहले दिन राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी। इस दौरान विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की तरफ से आयोग की टीम को कुछ सुझाव एवं आग्रह प्राप्त हुए थे, जिन पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एक-एक करके अपनी बात रखी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान के बाद सभी ईवीएम मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम तक सरकारी वाहन में भेजे जाएंगे। चुनाव के दौरान पहले प्रत्याशियों को 50-50 चेक की चार चेकबुक बैंक से बारी-बारी से प्राप्त होती थी। इससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था क्योंकि चुनाव के दौरान छोटे-छोटे खर्चे भी प्रत्याशियों को चेक के माध्यम से करने पड़ते थे। इस बार प्रत्याशी 200 चेक की चेकबुक बैंक से प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में बैंकों को निर्देशित किया जा चुका है। मतदाताओं की सुलभता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हाईराइज बिल्डिंग में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी आपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आयोग की तरफ से प्रयास किया जा रहा है। आयोग ने बताया कि इस बार प्रकाशित हुए इलेक्ट्रोल रोल में उत्तर प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। वहीं, 100 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 31 हजार है। इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 2024 में सभी को समान अवसर मिलेंगे। अफसरों और पुलिस को निष्पक्ष तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव में धन और बाहुबल का प्रयोग नहीं होगा। इस बार के चुनाव में तकनीक का सर्वाधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बार तीन एप लाए जा रहे हैं। एक एप से मतदाता चुनाव में होने वाले प्रलोभन, शराब और पैसों के वितरण के बारे में सीधे चुनाव आयोग से शिकायत कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन दूसरा एप्लिकेशन है, जिससे वोटर अपनी जानकारी ले सकता है। 'नो योर कैंडिडेट' एप्लिकेशन के माध्यम से वोटर अपने उम्मीदवार की सारी जानकारी ले सकेंगे। प्रदेश में आए भारत निर्वाचन आयोग की टीम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, हिरदेश कुमार, आरके गुप्ता, एमके साहू, महानिदेशक बी. नारायण, निदेशक दीपाली मासिरकर, निदेशक शुभ्रा सक्सेना, सचिव पवन दीवान और संयुक्त निदेशक अनुज चांडक मौजूद रहें।

# गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने किए रामलला के दर्शन



**एजेंसी। अयोध्या**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल के कुछ सदस्यों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन पूजन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ने अयोध्या में गुजरात यात्री भवन के लिए इस वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। मुख्यमंत्री ने अयोध्या राम मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि राम मंदिर के दर्शन को आने वाले राज्य के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई भूमि पर गुजरात यात्री भवन के निर्माण के लिए इस वर्ष गुजरात सरकार ने बजट में 10 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन को आने वाले समग्र गुजरात के यात्रियों को सरलता से निवास सुविधा प्रदान करने के लिए यात्री भवन का निर्माण होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में प्राचीन पावन नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति की अलौकिक प्राण प्रतिष्ठा देश में नए कालचक्र के उद्भव का उद्घोष है। यह मंदिर आने वाले हजारों वर्षों में रामराज्य की स्थापना के संकल्प के साथ भारत की दृष्टि, दर्शन एवं दिग्दर्शन का मंदिर बना है। सच्चे अर्थ में यह मंदिर राष्ट्र की चेतना एवं राष्ट्र के नवजागरण का मंदिर है।

# मुंबई चैंपियंस ने रेड कार्पेट दिल्ली को हरा फाइनल में प्रवेश किया



**ग्रेटर नोएडा (यूपी)।** 2 मार्च (आईएएनएस) संयुक्त बल्लेबाजी प्रयास और कुछ कसी हुई गेंदबाजी के दम पर मुंबई चैंपियंस ने शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को रेड कार्पेट दिल्ली को 60 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फिल मस्टर्ड (34 गेंदों पर 73 रन), निर्वाण अत्री (27 गेंदों पर 56 रन) और अभिषेक झुनझुनवाला (29 गेंदों पर 51 रन) ने अर्धशतक जमाये, जिससे मुंबई चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 253/3 रन बनाए। विशाल स्कोर का पीछा करते हुए रेड कार्पेट दिल्ली बुरी तरह लड़खड़ा गई और 193/8 पर ही सिमट गई। मस्टर्ड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ मुंबई चैंपियंस ने आईवीपीएल के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फाइनल रविवार को यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई चैंपियंस ने सेमीफाइनल में शानदार शुरूआत की और पहले 10 ओवर में 105 रन बनाए। टीम ने पहला विकेट 105 रन पर खोया। बल्लेबाजी करने आए अभिषेक झुनझुनवाला ने रन बनाना जारी रखा। झुनझुनवाला, पीटर ट्रेगो और रजत सिंह (15 गेंदों में 43 रन) सभी ने भूमिका निभाई और मुंबई चैंपियंस को निर्धारित 20 ओवरों में 253/3 तक पहुंचाया। जवाब में रेड कार्पेट दिल्ली को बड़ा झटका लगा जब स्टार ओपनिंग बल्लेबाज रिचर्ड लेवी पहले ही ओवर में रन आउट हो गए। लेवी रन लेने के लिए दौड़े लेकिन बीच में एक बड़े गड़बड़झाले के कारण उन्हें आउट होना पड़ा। वहां से रेड कार्पेट पर दिल्ली कभी उबर नहीं पाई क्योंकि फरमान अहमद, असेला गुणरत्ने और तिषारा परेरा सभी सस्ते में आउट हो गए। एश्ले नर्स ने कुछ उम्मीदें जगाने की कोशिश की लेकिन 16 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गईं। अंत में रेड कार्पेट दिल्ली 20 ओवर में 193/8 रन ही बना सकी। दूसरे सेमीफाइनल में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश का मुकाबला छत्तीसगढ़ वॉरियर्स से होगा। लीग चरण में जहां वीवीआईपी उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा, वहीं छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें आईवीपीएल में भिड़ी थीं तो वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को 16 रन से हराया था। अंतिम मुकाबला रविवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा।

## हमें वापसी का था पूरा विश्वास : दीप्ति शर्मा

**बेंगलुरु।** यूपी वारियर्स की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने 2024 डब्ल्यूपीएल के शुरूआती भाग में दो हार के बाद वापसी करने की अपनी टीम की इच्छाशक्ति की प्रशंसा की, जिसे वे मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स पर जीत के साथ बदलने में कामयाब रहे। दीप्ति ने जियोसिनेमा से कहा, हमें विश्वास था कि भले ही हम एक मैच हार जाएं, हम वापसी करेंगे। एक अच्छी टीम हमेशा लड़ती है और आगे बढ़ती है, इसलिए यही हमारी योजना थी। हम पहले दो मैचों से सीखना चाहते थे और उन चीजों को करना बंद करना चाहते थे जो हमें नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा,साथ ही, हम उन चीजों को अपने साथ लेकर आगे बढ़ते हैं जो हम अच्छा कर रहे हैं। जाहिर तौर पर मुंबई पर हमारी जीत है क्योंकि यह सीजन की हमारी पहली जीत थी। इसके अलावा, मुंबई एक अच्छी टीम है। आप जितनी बेहतर टीम को हराएंगे, उतना ही बेहतर होगा। आप आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। हम हमेशा अपने साथियों पर भरोसा करते हैं। श्रीलंका की हरफनमौला खिलाड़ी चामरी अथापथु ने प्रसारकों से कहा कि वह डब्ल्यूपीएल में पदार्पण करने से बहुत खुश हैं, ग्रेस हैरिस ने आसानी से 143 रनों का पीछा करते हुए 33 गेंदों में नाबाद 60 रन बनाए। आखिरकार मुझे खेलने का मौका मिला। मैं इन लड़कियों के साथ आनंद ले रही हूं। सहयोगी स्टाफ भी मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद कर रहा है। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था, मैंने गेंदबाजी के साथ अपनी योजनाओं को क्रियान्वित किया। सही योजनाओं को सही समय पर क्रियान्वित किया। ह्लबल्लेबाजी में अच्छा महसूस हुआ, दुर्भाग्य से मैं अधिक समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकी। ग्रेस हैरिस ने अच्छा प्रदर्शन किया, मैं टीम के प्रदर्शन से सचमुच खुश हूं। वह हमेशा मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए कहती है, मैं उसे खुलकर खेलने के लिए कहती हूं। उनमें बड़ी क्षमता है और वह अपना खेल जानती हैं। मैं केवल उसका समर्थन कराती हूं। वारियर्स की जीत का मतलब यह भी है कि तीनों मौकों पर हारने के बाद भी गुजरात अभी भी प्रतियोगिता में अपनी छाप नहीं छोड़ पाई है।



# विश्व रिकॉर्ड धारक कोलमैन ने एथलेटिक्स इंडोर वर्ल्ड्स में 60 मीटर रेस जीती

**एजेंसी। ग्लासगो।**

**ग्लासगो।** अमेरिकी धावक क्रिश्चियन कोलमैन ने शुक्रवार को यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की 60 मीटर दौड़ का खिताब जीतने के लिए 6.41 सेकंड का विश्व-अग्रणी समय निकाला।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 27 वर्षीय कोलमैन ने छह साल से 6.34 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड कायम किया हुआ है, लेकिन उनके साथी नोआ लायल्स ने ग्लासगो में अधिक ध्यान आकर्षित किया, क्योंकि 200 मीटर विशेषज्ञ ने 6.43 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ यूएस इंडोर चैंपियनशिप जीती।

पिछले अगस्त में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीतकर धूम मचाने वाले लायल्स शुक्रवार को दो ठोस जीत के साथ आसानी से फाइनल में पहुंच गए। हालाँकि, इंडोर दुनिया का नवोदित खिलाड़ी अधिक अनुभवी कोलमैन की बराबरी नहीं कर सका क्योंकि 2018 विश्व इंडोर चैंपियन ने शुरूआत के ठीक बाद नेतृत्व किया और 0.03-सेकंड के अंतर से जीत हासिल की। 22 वर्षीय जमैका के एकीम ब्लेक 6.46 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कोलमैन ने कहा, आपको अपने आप में आत्मविश्वास महसूस करना होगा। मैंने अपने शरीर को वही करने देने का मन बना लिया है जो मैं अभ्यास में कर रहा हूं और मैं जीत कर आया। कोलमैन के हमवतन रयान क्राउसर ने चैंपियनशिप रिकॉर्ड को 22.77 मीटर तक सुधारकर पुरुषों के शॉट पुट में जीत पक्की कर दी। विश्व रिकॉर्ड धारक, दो बार के ओलंपिक चैंपियन और दो बार के विश्व चैंपियन के रूप में, क्राउसर ने अपने अंतिम थ्रो के साथ अपना पहला इंडोर विश्व खिताब जीता।

न्यूजीलैंड के टॉम वॉल्श ने 22.07 मीटर में रजत पदक जीता, जबकि इटली के लियोनार्डो फैब्री ने 21.96 मीटर में कांस्य पदक जीता। महिलाओं की ऊंची कूद में ऑस्ट्रेलिया की निकोला ओलिस्लागर्स ने 1.99 मीटर के साथ जीत हासिल की, जबकि विश्व चैंपियन यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख को 0.02 मीटर पीछे रहकर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा टूर्नामेंट के शुरूआती दिन, कनाडा की सारा मिटन ने महिलाओं के शॉट पुट में अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ 20.22 मीटर के साथ जीत हासिल की। महिलाओं के पेंटाथलॉन के पोडियम में बेल्जियम की नूर विड्स शीर्ष पर रहीं।



## पेरिस हॉकी ओलंपिक टूनार्मेंट के मैच शेड्यूल 6 मार्च को ओलंपिक हाउस में घोषित किए जाएंगे

**एजेंसी। लुसान।**

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने यह घोषणा की है कि पेरिस 2024 हॉकी ओलंपिक टूनार्मेंट (महिला और पुरुष) के मैच शेड्यूल का अनावरण 6 मार्च को आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम द्वारा लुसाने में ओलंपिक हाउस में किया जाएगा। ओलंपिक के हॉकी टूर्नामेंट पेरिस के पास, कोलंबस में यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम के ऐतिहासिक स्थल में खेले जाएंगे - जो 1924 में ओलंपिक खेलों का मैदान था। 12 पुरुषों और 12 महिलाओं की राष्ट्रीय टीमें अत्यधिक प्रतिष्ठित ओलंपिक पदक जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा, एफआईएच की ओर से और अपने व्यक्तिगत नाम से, मैं पेरिस 2024 की तैयारी में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए अध्यक्ष बाक के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। एक ओलंपिक खेल के रूप में 1908 से और ओलंपिक आंदोलन के एक सक्रिय सदस्य के रूप में, हम सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि आईओसी अध्यक्ष हमें अपना कुछ कीमती समय देंगे। "ये ओलंपिक खेल हमारे शताब्दी वर्ष के दौरान हो रहे हैं, जो इसे वैश्विक हॉकी समुदाय के लिए और भी खास बनाता है। हम कुछ ही महीनों में पेरिस में एक शानदार आयोजन की आशा कर रहे हैं !ह्व 6 और 7 मार्च को लुसाने में होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग कार्यशाला के साथ, पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग लेने वाले अधिकांश हॉकी राष्ट्रीय संघ अनावरण समारोह में भाग लेंगे।



## पांच बार के विश्व चैंपियन प्रमोद भगत का नायक की तरह स्वागत

**नई दिल्ली।** ओडिशा के गोल्डन बॉय प्रमोद भगत, जिन्होंने हाल ही में लिन डैन के पांच विश्व चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी की, जब वह अपने राज्य वापस गए तो हवाई अड्डे पर उनका नायक की तरह स्वागत किया गया। विमान से उतरते समय भगत का स्वागत खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, सिद्धार्थ शंकर साहू ओएसडी खेल और युवा सेवा विभाग, ओडिशा सरकार के अधिकारियों ने किया। उनके गर्मजोशी भरे स्वागत से अपने खेल नायकों के प्रति राज्य के अटूट समर्थन की झलक मिली। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के अध्यक्ष कमला कांता रथ और कोषाध्यक्ष सुनील प्रधान की उपस्थिति से हवा में स्पष्ट उत्साह और बढ़ गया। उनकी उपस्थिति ने वैश्विक मंच पर भगत की असाधारण उपलब्धियों के लिए स्थानीय समुदाय द्वारा महसूस किए गए सामूहिक गौरव और प्रशंसा को रेखांकित किया।

## उस्मान ख्वाजा को अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टिकर हटाने के लिए होना पड़ा मजबूर

**एजेंसी। वेलिंगटन।**

ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने ब्लैक डव स्टीकर को लेकर विवाद को फिर से हवा दे दी है, क्योंकि उन्हें वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टीकर हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। दुर्भाग्य से, शनिवार सुबह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान ख्वाजा का बल्ला टूट गया। छत्तीस वर्षीय खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी जारी रखने से पहले अपने बल्ले पर से जैतून की शाखा को पकड़े हुए कबूतर के चित्र को हटाना पड़ा, जबकि मैट रेनशॉ एक अतिरिक्त बल्ले के साथ मैदान पर आ गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान कबूतर का चित्र लगाने के ख्वाजा के अनुरोध को खारिज कर दिया, इसे ₹राजनीतिक विरोध₹ कहा। इसके बावजूद, क्वींसलैंडर ने अपने नेट सत्र के दौरान इसे पहनना जारी रखा है। इसके बावजूद, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस्लामाबाद में पैदा हुए खिलाड़ी को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है। इस अनुभवी खिलाड़ी की खेल की सर्वोच्च संस्था द्वारा फिर से निंदा की गई जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच के दौरान काली पट्टी पहनी थी।



## केटी बोल्टर सीधे सेटों में जीत के साथ सेमीफाइनल में

**एजेंसी। सैन डिएगो।**

ब्रिटिश नंबर 1 केटी बोल्टर ने सातवीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच पर सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत के बाद सैन डिएगो ओपन में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सातवीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच के खिलाफ मुकाबला करते हुए, बोल्टर को शुरूआत में ही कड़ी परीक्षा देनी पड़ी क्योंकि वेकिच आगे बढ़ी और बोल्टर की सर्विस तोड़कर पहले सेट में 3-1 की बढ़त ले ली। हालाँकि, बोल्टर ने मैच को हाथ से जाने नहीं दिया और शानदार वापसी करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच एक-दूसरे को झटका लगने के बाद, बोल्टर को दृढ़ता का फल मिला क्योंकि उसने कई तीव्र रैलियों के बाद एक कठिन संघर्षपूर्ण शुरूआती सेट जीत लिया। पहले सेट में अपनी जीत से उत्साहित बोल्टर ने दूसरे सेट में अपनी गति जारी रखी और धमाकेदार सर्विस और सटीक शॉट मेकिंग के प्रदर्शन से 4-0 की शानदार बढ़त बना ली। फिर भी, जब जीत करीब दिख रही थी, वेकिच ने पलटवार करते हुए बोल्टर की सर्विस तोड़ दी और अंतर को 5-2 तक कम कर दिया। यह उनके करियर में पहली बार है कि बोल्टर ने लेसिया सुरेंको और बीट्रिज हद्दाद माइया पर अपनी पिछली जीत के बाद किसी टूर्नामेंट में शीर्ष 50 में शामिल कई खिलाड़ियों को हराया है। दबाव बढ़ने के साथ, बोल्टर को मैच के लिए सर्विस करते समय एक महत्वपूर्ण क्षण का सामना करना पड़ा।



## भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय स्टैंड अप पैडलिंग इवेंट लॉन्च किया

**मंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग कार्यक्रम लॉन्च किया। यह घोषणा कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर, कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और दक्षिण कन्नड़ के जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव और सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन के अध्यक्ष धनंजय शेट्टी की मौजूदगी में की गई। इसके अतिरिक्त, इस अवसर पर इंडिया पैडल फेस्टिवल लोगो का अनावरण भी किया गया। 2024 एपीपी वर्ल्ड टूर के लॉन्च से पहले तीन दिवसीय एसयूपी चैंपियनशिप 8-10 मार्च, 2024 तक ससिहिथलू बीच पर होने वाली है। हमें अपने समुद्र तट, संस्कृति और व्यंजनों की सुंदरता को उजागर करने के लिए दक्षिण कन्नड़ में इस तरह के और अधिक आयोजनों की जरूरत है। हम मंगलुरु में उद्घाटन भारत पैडल महोत्सव की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं।

# भारतीय मुक्केबाजों की नजरें इटली के पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**नई दिल्ली।** पहला विश्व क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट रविवार को इटली के बस्टो अर्सिजियो में शुरू हो रहा है, अनुभवी शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव सहित नौ भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में जगह पाने की लड़ाई के लिए तैयार हो रहे हैं। भारत के सात पुरुषों और दो महिलाओं का लक्ष्य ओलंपिक कोटा सुरक्षित करना है, ऐसे में पेरिस 2024 बॉक्सिंग यूनिट (पीबीयू) द्वारा आयोजित क्वालीफायर में दांव ऊंचे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड द्वारा बनाई गई एक तदर्थ संस्था है जो 49 कोटा स्थानों की पेशकश करती है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाला मुक्केबाज पेरिस का टिकट हासिल कर लेगा। महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में, केवल तीन स्थान उपलब्ध होने के कारण हारने वाले सेमीफाइनलिस्टों के बीच मुकाबला ओलंपिक बर्थ का निर्धारण करेगा। जबकि कुछ मुक्केबाजों ने महाद्वीपीय स्पधाओं के माध्यम से पहले ही कोटा स्थान हासिल कर लिया है, कोलंबिया के युबरजेन मार्टिनेज, जापान के टोमोया त्सुबोई, कजाकिस्तान के मखमुद सबिरखान और वेनेजुएला के योएल फिनोल जैसे विश्व स्तरीय प्रतियोगी इटली में स्थान पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत की उम्मीदें मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) जैसे सभी 2023 विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं के साथ-साथ अनुभवी शिव थापा और पूर्व एशियाई चैंपियन संजीत पर टिकी हैं। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन सर्जरी के बाद रिंग में लौट आए हैं, जबकि थापा (63.5 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें अधिक हैं।



## खबरें व्यापार जगत की

### कैप्टिव, वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 27 प्रतिशत बढ़ा



